AVL NEWS

# आवाज-ए-लखनऊ



3 केजरीवाल के साथ सत्य और......

5 इस बात से परेशानी होती है......

8 एप्सटीन के साथ संबंधों को लेकर....

वर्ष : 08 | अंक : 31 | लखनऊ, मंगलवार, 03 मार्च, 2026 | (हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र) | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपया

# सीएम योगी के आदेश के बावजूद अब तक नहीं मिली कर्मचारियों को सैलरी

## ■ बताई जा रही है ये तकनीकी दिक्कत



संवाददाता

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया था कि फरवरी माह के सैलरी फरवरी माह में ही आ जाए। एक मार्च को रविवार है और दो से चार मार्च तक अवकाश। फरवरी माह की सैलरी 28 फरवरी को ही प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशन धारकों के खाते में आनी थी, लेकिन एक मार्च की सुबह तक अभी तक सैलरी क्रेडिट नहीं हो सकी है। सरकार की घोषणा के बावजूद माह के अंतिम दिन तक वेतन और पेंशन न मिलने से कर्मचारियों व पेंशनर्स में आक्रोश है। कई विभागों का वेतन जारी नहीं हो सका है। इसके पीछे सर्वर डाउन होने की बात बताई जा रही है।

उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने कहा कि होली से पूर्व भुगतान का आश्वासन दिया गया था लेकिन शनिवार देर रात तक खातों में राशि नहीं पहुंची। वहीं सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने बताया कि कई जिलों से पेंशन न मिलने की शिकायतें आई हैं। देरी से लाखों परिवारों के सामने त्योहार मनाने को लेकर आर्थिक कठिनाई खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वादा किया है कि होली के पहले वेतन–पेंशन जारी हो जाएगी। अब रविवार से छुट्टियां शुरू हो रही हैं, अब देखना होगा कि इन दिनों में वेतन व पेंशन जारी हो पाएगी या नहीं।

**होली पर परीक्षा कार्य में लगे शिक्षक फंसे**

यूपी बोर्ड परीक्षा में स्ट्रांग रूम और केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी निभा रहे शिक्षक व प्रधानाध्यापक होली पर घर जाने को लेकर असमंजस में हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव द्वारा जारी सख्त आदेश के बाद जिलों में शिक्षकों को रिलीव नहीं किया जा रहा है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा कार्य से जुड़े अधिकारी–कर्मचारी संबंधित मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक की लिखित अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। संयुक्त व अपर शिक्षा निदेशक भी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। उल्लंघन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। निर्देश में अवकाश अवधि में भी स्ट्रांग रूम की सतत निगरानी, आकस्मिक निरीक्षण, सुरक्षा, गोपनीयता और सीसीटीवी जांच सुनिश्चित करने को कहा गया है। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय संरक्षक रामेश्वर पांडेय व प्रांतीय महामंत्री अरुण यादव ने इसका विरोध करते हुए कहा कि 1 से 8 मार्च तक परीक्षा नहीं है, इसलिए शिक्षकों को होली अवकाश में गृह जनपद जाने की अनुमति मिलनी चाहिए।

**माहौल बिगाड़ने वाले वालों से सख्ती से निपटें, कार्रवाई नजीर बनें: योगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होली, रमजान व ईद समेत आने वाले त्योहारों पर माहौल बिगाड़ने वाले उपद्रवियों से सख्ती से निपटा जाए। जो भी ऐसी हिमाकत करे उस पर जो कार्रवाई हो वह नजीर बननी चाहिए। जिससे उनको सबक मिले और भविष्य में वह ऐसा करने की सोच भी न सकें। सौहार्द बिगाड़ने जैसी यदि कोई वारदात हुई तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। सीएम त्योहारों के मद्देनजर शनिवार रात कानून–व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान ये निर्देश दिए।

सीएम मुख्यमंत्री ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से कहा है कि संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए पूरी सतर्कता बरतें। सभी पर्व–त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाएं। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा सीएम ने कहा कि त्योहारों के साथ ही बोर्ड परीक्षाएं भी हो रही हैं। यह समय कानून–व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील है, इसलिए बीते पांच वर्षों की घटनाओं की समीक्षा कर उनसे सीख लेते हुए प्रभावी प्रबंध करें। पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और शोभायात्राओं के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए। बैठक में सीएम ने आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन तथा जन–शिकायत निस्तारण की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की।

**होली पर अगर अभद्र संगीत बजाए, तो सबक सिखाएं**

सीएम ने कहा कि होलिका दहन समितियों व पीस कमेटियों की बैठकें करें। जिससे पर्वों के दौरान आपसी समन्वय और सौहार्द बना रहे। होलिका दहन सुरक्षित स्थान पर ही हो। होली के अवसर पर कहीं भी अभद्र गीत–संगीत नहीं बजना चाहिए और किसी के उत्साह में ऐसा कोई कृत्य न हो जिससे किसी वर्ग, समुदाय या व्यक्ति को नीचा दिखाने या परेशान करने की स्थिति उत्पन्न हो। पर्व उल्लास और भाईचारे का प्रतीक होते हैं, न कि किसी को आहत करने का माध्यम। सीएम ने कहा कि कानफोड़ू आवाज वाले लाउडस्पीकरों को हटाया जाए। अब भी कई धर्मस्थलों पर ऐसे लाउडस्पीकर लगे हुए हैं, जिन्हें संवाद और समन्वय के माध्यम से हटाया जाना चाहिए ताकि ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। वहीं लोकल इंटेलिजेंस को और अधिक मजबूत करने व सोशल मीडिया की सतर्कता से निगरानी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीएम ने कहा कि त्योहारों व बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से की जाए।

## कराची में खामेनेई की मौत पर भड़का गुस्सा

**कराची।** ईरान पर अमेरिका–इजराइल के हमले में देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद रविवार को पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुईं झड़पों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक वाणिज्य दूतावास के आसपास बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जमा हो गए थे जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने भीड़ को तितर–बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और चेतावनी के तौर पर हवा में गोली चलाई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार ईधी इन्फॉर्मेशन ने पुष्टि की कि माई कोलाची रोड के पास गोलीबारी और झड़प के दौरान छह लोगों की मौत हुई तथा कई अन्य घायल हुए जिन्हें सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में ले जाया गया। सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजार ने कराची के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक से तत्काल विवरण मांगा और कहा, षकिसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा बढ़ाने और विरोध प्रदर्शन के दौरान यातायात सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग तय करने को भी कहा। मंत्री ने कहा, ष्कानून प्रवर्तन एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं। उन्होंने कहा कि कानून–व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, शिया संगठनों ने खामेनेई की मौत के विरोध में कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक मार्च निकालने की घोषणा की थी।

(पुलिस चर्चा)



'आर सी राठौर'
संपादक



## पुलिसकर्मी भी इंसान, उनका भी परिवार है

उत्तर प्रदेश पुलिसकर्मी को इतना नौकरी के प्रति अधिकारी तैयार व सख्त रखते हैं की चाह कर भी वह अपने परिवार के बारे में सोचने पर असमर्थ रहे क्योंकि इतना वर्क दिया जाता है कि पुलिसकर्मी को चाहे शनिवार हो या रविवार आपको ड्यूटी 24 घंटे के 24 घंटे ही देनी है क्या कभी उच्च अधिकारियों ने यह सोचा कि पुलिसकर्मी भी एक इंसान होता है उसके भी परिवार होता हैं वह किसी भी कष्ट में हो मगर ड्यूटी अनिवार्य होती है मैं यह नहीं कहता की अपनी ड्यूटी करना गलत है मगर उच्चअधिकारियों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि पुलिसकर्मी पूरे 24 घंटे जनता के बीच रहकर संभ्रांत व्यक्तियों के साथ मिलकर किसी भी प्रकार की कोई घटना ना हो सके उसी को लेकर कार्य में लगा रहता है चाहे कोई भी पर्व हो जैसे होली, दीपावली, ईद, बकरीद, या अन्य कोई भी पर्व हो पुलिस की छुट्टी कैंसिल हो जाती है उस दौरान चाहे वह पुलिसकर्मी बीमार हो या परिवार की परेशानी से पीड़ित हो मगर ड्यूटी हर वक्त करना ही है अन्य विभागों में देखा गया है शनिवार और रविवार अवकाश दिया जाता है मगर उत्तर प्रदेश पुलिस को यह सौभाग्य क्यों नहीं दिया गया क्या पुलिस की पीड़ा या उनके परिवार की समस्या उच्च अधिकारियों को नजर नहीं आती मैं यह नहीं कहता कि पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी से किसी प्रकार का मतभेद करें हमने देखा है, पुलिसकर्मी की माता जी बीमारी से गुजर रही थी उस कर्मी को अपनी मां के लिए दवाई पहुंचानी थी मगर पुलिस की विवेचना का कार्य उनको दिया गया था ! उस विवेचना को देखते हुए पुलिसकर्मी अपनी मां को दवाई नहीं देने जा सका ! पुलिसकर्मी ने अपने किसी मित्र से अपनी मां के लिए दवाई पहुंचने का अनुरोध किया, क्या यह पुलिसकर्मी अपने मन ही मन में विचार नहीं करता होगा कि हमको अपनी मां के लिए उस वक्त होना जरूरी था मगर अपने फर्ज से बंधा पुलिसकर्मी पहले अपने फर्ज को ध्यान में रखते हुए अपनी ड्यूटी को सर्वोपरि समझा ऐसे ही पुलिसकर्मी हमारे उत्तर प्रदेश पुलिस शान और मनोबल बढ़ाने का कार्य करते हैं और निष्ठा पूर्ण अपनी ड्यूटी पूरी करते हैं मगर उच्च अधिकारियों को यह संज्ञान लेकर ऐसे पुलिस कर्मियों को कम से कम कुछ क्षण का अवकाश प्रदान करने के विषय में जरूर सोचना चाहिए ! क्योंकि समस्याएं बीमारियां कभी भी किसी को भी पढ़ सकती हैं।

9335634340

## तमिलनाडु में मिर्च की फसल खराब होने से और तीखी होगी मिर्ची

**रामानथपुरम।** तमिलनाडु के रामानथपुरम में मिर्च की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं, जहां खुले बाजार में मुंडू और सांबा किस्मों की कीमत 20,000 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस वृद्धि का कारण खेती योग्य भूमि में कमी, कीटों का व्यापक प्रकोप और सूखे की स्थिति है, जबकि किसानों ने तमिलनाडु सरकार से फसल के बढ़ते नुकसान की भरपाई के लिए सूखा राहत की घोषणा करने का आग्रह किया है। मिर्च जिले की सबसे बड़ी बागवानी फसल बनी हुई है। इस वर्ष लगभग 13,500 हेक्टेयर में इसकी खेती की गई है, जो पिछले वर्ष के 15,050 हेक्टेयर की तुलना में 1,500 हेक्टेयर से अधिक की गिरावट है। बागवानी विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यह गिरावट मुख्य रूप से पिछले मौसम में गंभीर फफूंद रोग के प्रकोप के कारण हुई है, जिसके परिणामस्वरूप पैदावार में भारी नुकसान हुआ और किसानों को खेती का विस्तार करने से हतोत्साहित किया। फसल कटाई का मौसम शुरू हो जाने के साथ ही, बाजारों में कम आवक के कारण कीमतें सामान्य स्तर से लगभग दोगुनी हो गई हैं।

## पश्चिम बंगाल में बीजेपी की 'परिवर्तन यात्रा' शुरू

### ■ 15 मार्च को कोलकाता में पीएम मोदी की मेगा रैली

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 मार्च को मध्य कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे। यह विशाल रैली भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई की ओर से रविवार से शुरू की गई श्परिवर्तन यात्राश के समापन का भी प्रतीक होगी। रविवार और सोमवार को राज्य के नौ स्थानों से नौ अलग–अलग रैलियां निकलेंगी। भाजपा ने जानकारी दी है कि तीन और चार मार्च को 'डोल यात्रा' और 4 मार्च को श्होलीश के कारण कोई रैली नहीं होगी। रैलियां पांच मार्च से फिर से शुरू होंगी और राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने के बाद पूरी होंगी।

**कोलकाता में पीएम मोदी की रैली से होगा परिवर्तन यात्रा का समापन**

भाजपा के एक राज्य समिति सदस्य ने कहा, श्परिवर्तन यात्रा का आधिकारिक समापन 15 मार्च को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री की रैली के साथ होगा। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा अंतिम समय में कार्यक्रम में बदलाव किए जा सकते हैं।






न्यूज़ एक्सप्रेस

## अज्ञात कार सवार ने पीछे से ठोका मौके पर मौत

उन्नाव। बांगरमऊ मार्ग पर शनिवार सुबह बाईक और कार में टक्कर हो गई जिससे बाईक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई,सूचना पर पहुंची





आसीवन पुलिस ने परिजनों को सूचना दे कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के नसरतपुर जंगलेमऊ निवासी गिरिजेश मौर्य पुत्र स्व. महादेव उम्र करीब 37 वर्ष मियागंज टमाटर लेकर जा रहा था, लखनऊ बांगरमऊ सड़क के दुबेगढ़ी मोड़ के पास उसकी बाइक में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कार सवार ने टक्कर मार दी, गिरिजेश बाइक सहित उछलकर दूर जा गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक मौके गाड़ी छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, मौत की जानकारी पाकर बड़े भाई दिनेश बहन पुष्पा सहित पत्नी रेणु व मां रामपति का रो रो कर बुरा हाल है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

आवाज —ए— लखनऊ ॱ महेन्द्र कुमार

हसनगंज (उन्नाव) कोतवाली क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी संदीप (पुत्र रामेश्वर) की लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में किसान पथ पर एक डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई। संदीप ट्रक क्लीनर के रूप में कार्यरत थे। यह घटना शनिवार सुबह करीब 10 बजे हुई। संदीप अपने साथी ट्रक चालक फुरकान के साथ झांसी से सामान (कांपी) लादकर गोरखपुर जा रहे थे। फुरकान ने बताया कि किसान पथ पर उनके ट्रक की साइड डंपर से छू गई, जिससे ट्रक का शीशा टूट गया। जब संदीप ने इसका विरोध किया, तो डंपर चालक ने उन्हें कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस और साथी फुरकान ने घटना की जानकारी संदीप के परिजनों को दी। मौत की खबर सुनकर परिवार में शोक छा गया। संदीप कुछ दिन पहले ही फुरकान के साथ ट्रक चलाने के लिए गए थे और होली के त्योहार पर घर लौटने वाले थे। मृतक संदीप के परिवार में चार भाई हैंरू बबलू, संदीप, राज और संजय। उनकी दो बहनें काजल और मुस्कान भी हैं। संदीप विवाहित थे, लेकिन उनकी पत्नी सावन व दो बच्चे, 6 वर्षीय पुत्र कार्तिक और 4 वर्षीय पुत्री कीर्ति का रो रोकर बुरा हाल है। साथ ही संदीप की माता मुन्नी देवी गहरे सदमे में है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी हसनगंज शरद कुमार ने बताया घटना लखनऊ की है इस विषय में जानकारी की जा रही है।

## ग्राम पंचायत जैतीपुर में तरावीह मुकम्मल, इमाम हाफिज तहशीन खान का हुआ जोरदार स्वागत

आवाज —ए— लखनऊ – महेन्द्र कुमार

उन्नाव नवाबगंज जैतीपुर। ग्राम पंचायत जैतीपुर में रमजान मुबारक के पवित्र माह के दौरान तरावीह की नमाज मुकम्मल होने पर धार्मिक माहौल और उत्साह देखने को मिला। तरावीह मुकम्मल कराने पर नमाजियों द्वारा इमाम हाफिज तहशीन खान का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मस्जिद परिसर में



शांति, भाईचारे और आस्था का सुंदर दृश्य दिखाई दिया। इमाम हाफिज तहशीन खान ने तरावीह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान मुबारक आत्मसंयम, इबादत और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि तरावीह के माध्यम से कुरआन की तिलावत होती है, जिससे दिलों को सुकून और समाज को सही मार्गदर्शन मिलता है। साथ ही उन्होंने रोजा, नमाज, दुआ और सब्र की अहमियत बताते हुए कहा कि रमजान का महीना अपने आचरण को सुधारने और जरूरतमंदों की मदद करने का अवसर है। नमाजियों ने इमाम के मार्गदर्शन और तरावीह मुकम्मल कराने पर खुशी जताई तथा माहे रमजान में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ की। कार्यक्रम का समापन दुआ के साथ हुआ।

## होली से पहले अवैध कच्ची शराब पर बड़ी कार्रवाई, 40 लीटर शराब व 50 क्विंटल लहन नष्ट

आवाज —ए— लखनऊ महेन्द्र कुमार

उन्नाव। होली पर्व से पहले अवैध कच्ची शराब के खिलाफ पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। मौरावां थाना क्षेत्र के असरेंदा गांव में की गई छापेमारी के दौरान 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि करीब 50 क्विंटल महुआ व लहन मौके पर ही नष्ट कराया गया। कार्रवाई सीओ पुरवा तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में की गई। अभियान में प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा, आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह, एसएचओ मौरावां कुंवर बहादुर सिंह समेत पुलिस व



आबकारी विभाग की टीम शामिल रही। टीम ने ड्रोन कैमरे की सहायता से इलाके की निगरानी कर एक दर्जन से अधिक अवैध शराब की भट्ठियों को चिन्हित किया और उन्हें ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों के अनुसार त्योहार के मद्देनजर अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए यह अभियान चलाया गया। मामले में मौरावां थाने में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बदलेगा ग्रीनपार्क : अब उत्तर–दक्षिण दिशा में बनेंगी पिचें, सूरज नहीं करेगा परेशान, 350 करोड़ से होगा पुनर्विकास

कानपुर। कानपुर में वर्ष 1952 से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी कर रहा ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम अब बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहा है। 77 वर्षों से पूर्वदृपश्चिम दिशा में बनी नौ पिचों का इतिहास बदलते हुए उन्हें उत्तरदृदक्षिण दिशा में तैयार किया जाएगा। इनके नए अलाइनमेंट के साथ ही पवेलियन और मीडिया गैलरी में भी बदलाव की संभावना है, क्योंकि वर्तमान में पवेलियन उत्तर–पूर्व दिशा में और मीडिया सेंटर पूर्व दिशा में स्थित है। नए निर्माण के बाद इनकी स्थिति को अंतरराष्ट्रीय मानकों और सूरज की रोशनी के हिसाब से अनुकूल किया जा सकता है। स्टेडियम के पुनर्विकास के लिए 350 करोड़ रुपये का विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसमें पहले चरण के लिए शासन से 45 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। पहले चरण में मैदान और पिचों का कार्य प्राथमिकता पर रखा गया है। कुल नौ नई पिच तैयार की जाएंगी, जिनमें एक लाल मिट्टी की पिच भी शामिल होगी। नई पिच खिलाड़ियों को बेहतर दृश्यता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल की परिस्थितियां प्रदान करेंगी। मंडलायुक्त ने बताया कि पहले चरण के कार्यों का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है और अप्रैल तक टेंडर प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है।

कम रोशनी की शिकायत भी होगी दूर

यदि सब कुछ समय पर रहा, तो मई से निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।



जीर्णोद्धार की योजना इस प्रकार बनाई गई है कि निर्धारित मैचों के आयोजन पर कोई असर न पड़े। नई योजना में स्टेडियम में आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम भी लगाया जाएगा। अभी तक बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था नहीं होने के कारण हल्की बारिश भी मैच में व्यवधान डाल देती थी, लेकिन नई प्रणाली लागू होने के बाद बारिश रुकने के 15 मिनट के भीतर खेल दोबारा शुरू कराया जा सकेगा। फ्लड लाइट व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे कम रोशनी की शिकायत दूर होगी।

## इकदिल-भरथना के बीच सिग्नल फेल, जहां की तहां खड़ी रहीं कई ट्रेनेंय यात्रियों की बढ़ी परेशानी

कानपुर। इटावा जिले में दिल्लीदृहावड़ा रेल मार्ग पर शुक्रवार शाम सवा पांच बजे इकदिल–भरथना रेलवे स्टेशन के बीच सिग्नल फेल होने से दो घंटे तक ट्रेनों का आवागमन ठप्प रहा। इस दौरान कई सुपरफास्ट और मेमू ट्रेन जहां की तहां खड़ी हो गई। इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंची तकनीकी टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सिग्नल को ठीक किया। इसके बाद शाम सात बजे ट्रेनों का आवागमन शुरू हो सका। इस बीच



अप लाइन पर टूंडला की ओर से आ रही मेमू और स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस को भरथना स्टेशन के पास रोक दिया गया। वहीं डाउन लाइन पर कानपुर की ओर जा रही अलीगढ़दृगोविंदपुरी फास्ट मेमू, 22416 वंदे भारत एक्सप्रेस, 12420 गोमती एक्सप्रेस समेत दरभंगादृनई दिल्ली एक्सप्रेस भी खड़ी रहीं।

## 400 करोड़ से सड़कें बनवाएगा पीडब्ल्यूडी, 100 से अधिक सड़कों के निर्माण के लिए मांगे टेंडर

कानपुर। कानपुर में पीडब्ल्यूडी करीब 400 करोड़ से लागत से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें बनवाएगा। कई सड़कें चौड़ी भी कराई जाएंगी। सड़कों को बनाने के बाद पांच साल तक मरम्मत और रखरखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित ठेकेदार की होगी। दो छोटे पुल भी बनवाए जाएंगे। इन विकास कार्यों के ई–टेंडर जारी कर दिए गए हैं। ज्यादातर कार्यों के लिए आठ–10 दिन में ही टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इससे होली बाद निर्माण शुरू कराया जा सके। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिए निरीक्षण करने के साथ ही जनप्रतिनिधियों



से प्रस्ताव मांगे थे। इसके बाद करीब 500 करोड़ रुपये से सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव शासन भेजे थे। शासन ने 400 करोड़ रुपये से 100 से ज्यादा सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति दे दी है। चालू वित्तीय वर्ष का डेढ़ महीना बाकी होने के कारण पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड और निर्माण खंड–दो ने टेंडर भी आमंत्रित किए हैं। ज्यादातर टेंडर 24 फरवरी को दोपहर तक अपलोड किए जा सकेंगे और उसी दिन शाम को खुलेंगे। पीडब्ल्यूडी कानपुर परिक्षेत्र के अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 400 करोड़ रुपये से सड़कों के चौड़ीकरण, निर्माण के टेंडर जारी किए हैं। होली के बाद सड़कों का निर्माण शुरू कराया जाएगा।

# बैलगाड़ियों से आए 200 बराती, पत्तों पर परोसा खाना खाया, पर दुल्हन कार से गई ससुराल

कानपुर। यूपी के हमीरपुर स्थित आधुनिक शादियों में लग्जरी गाड़ियों और भव्य आयोजनों के बीच मौदहा क्षेत्र के गुढ़ा गांव में संपन्न एक विवाह समारोह अपनी सादगी और पारंपरिक अंदाज के कारण चर्चा का विषय बन गया। दूल्हे की बरात करीब 25 बैलगाड़ियों के साथ गुड़ा गांव से फार्म हाउस तक निकाली गई, जिसमें लगभग 200 बराती शामिल हुए। रास्ते भर ग्रामीण इस अनोखी बरात को देखने के लिए जुटे रहे।



बैलगाड़ी से नहीं हुई दुल्हन की विदाई

बताया गया कि विवाह 25 फरवरी को दिन में संपन्न हुआ। पूरी बरात बैलगाड़ियों से गुढ़ा गांव से फार्म हाउस तक पहुंची। बृहस्पतिवार को दुल्हन की विदाई बैलगाड़ी से ही नहीं हो सकी। बराती अन्नू दीक्षित ने बताया कि दुल्हन की विदाई कार से कराई गई। विवाह के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं।

नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने की कोशिश

दूल्हे के पिता जागेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आजकल शादियों में दिखावा बढ़ता जा रहा है, लेकिन उन्होंने पारंपरिक ग्रामीण संस्कृति को प्राथमिकता दी। किसान परिवार होने के कारण बैल और खेती उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, इसलिए बेटे की बरात भी पारंपरिक तरीके से निकालने का निर्णय लिया गया। उनका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ना है।

विवाह केवल रस्म नहीं संस्कार है

दुल्हन के पिता विवेक पाठक, निवासी जलालपुर थाना के भेड़ी डांडा गांव ने बताया कि विवाह केवल एक रस्म नहीं बल्कि संस्कार है। पारंपरिक रीति से मेहमानों का स्वागत किया गया और सभी को बैठाकर भोजन कराया गया। उन्होंने बताया कि उनका परिवार खेती–किसानी से जुड़ा है।

दुल्हन बीए पास, दूल्हा चलाता है दुकान

दुल्हन मोहानी (20) ने बीए फाइनल की पढ़ाई पूरी की है। वहीं दूल्हा मोहित द्विवेदी, निवासी गुढ़ा गांव, ऑटोमोबाइल से संबंधित सामान की दुकान संचालित करने के साथ खेती–किसानी में भी परिवार का सहयोग करता है। पारंपरिक अंदाज में संपन्न यह विवाह समारोह क्षेत्र में ग्रामीण संस्कृति की मिसाल बन गया है।

## युवा नेता शिव शंकर यादव के आवास पर हुई संगठनात्मक बैठक, आगामी रणनीति पर हुआ मंथन



आवाज —ए— लखनऊ – महेन्द्र कुमार

उन्नाव नवाबगंज। क्षेत्रीय युवा नेता शिव शंकर यादव के आवास पर एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित नेताओं ने आपसी समन्वय बढ़ाने और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने पर जोर दिया। बैठक में पूर्व प्रत्याशी मोहान आंचल वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह चौहान, प्रभारी कुलदीप सिंह यादव, राहुल यादव (निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा), जिला सचिव शिव सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतराम यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष शिव शंकर यादव, दिनेश यादव उर्फ राजू यादव, चन्द किशोर यादव, शिव सिंह यादव, उमेश कश्यप, नवाबगंज नगर अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, उमाशंकर यादव, शिव कुमार यादव, पुत्ती सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, महेन्द्र गौतम, अनुज यादव, अनमोल यादव, मिश्रीलाल रावत (ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज) सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और जनता से सीधे संवाद स्थापित करने की आवश्यकता बताई। अंत में सभी ने एकजुट होकर संगठन हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल में पूर्व पालिका अध्यक्ष ने पहलवानों को प्रोत्साहन राशि देकर किया सम्मान

आवाज —ए— लखनऊ संवाददाता

बांगरमऊ, उन्नाव। नशा मुक्त खेल अभियान के तहत नगर के शांति मिल मैदान में आयोजित 10 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल में भारत, नेपाल और भूटान के नामी पहलवानों ने भाग लेकर अपनी कुश्ती कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को देखने के लिए नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों खेल प्रेमी पहुंचे, जिससे मैदान में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। 18 से 28 फरवरी तक चल रहे इस दंगल के दौरान नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन इजहार खान गुड्डू ने पहलवानों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने बब्बर अली पहलवान अजमेर तथा तूफान पहलवान झांसी को अखाड़े में उतारा। दोनों पहलवानों ने बेहतरीन दांव–पेंच दिखाए और अंत तक संघर्षपूर्ण मुकाबला कर दर्शकों की जमकर तालियां बटोरीं।।कुश्ती से पूर्व इजहार खान गुड्डू ने पहलवानों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रवि नादान, लालेश अस्थाना सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि दंगल का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों के प्रति प्रेरित करना है। विजेता और उपविजेता पहलवानों



को नगद पुरस्कार, शील्ड और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी का आभार जताया।

## प्रशासन के नियमों की धज्जियां उडा रहे भारी वाह्न

आवाज —ए— लखनऊ ॱ महेन्द्र कुमार

उन्नाव। अजगैन–मोहान मार्ग पर हैवी वाहनों का आवागमन रोकने के लिए प्रशासन द्वारा की गई घेराबंदी फिलहाल कागजी साबित हो रही है। नवई गांव के पास लगाया गया हाइटगेज अपनी उपयोगिता खो चुका है। हैवी वाहन चालक इसे धता बताकर आसानी से निकल रहे हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों के अनुसार, प्रशासन ने हैवी वाहनों, ओवरलोडेड ट्रकों व डंपरों को रोकने के लिए नवई गांव के पास स्थित एक धर्मकांटा के सामने हाइटगेज लगवाया था। मंशा यह थी कि ऊंचे व हैवी वाहन इस मार्ग पर न चल सकें। लेकिन प्रशासन की यह रणनीति उस समय फेल हो गई जब इसे धर्मकांटे के ठीक सामने लगा दिया गया। चूंकि धर्मकांटे के आसपास वाहनों के मुड़ने व खड़े होने के लिए पर्याप्त खाली जगह होती है इसलिए ट्रक चालक मुख्य मार्ग पर लगे हाइटगेज के नीचे से जाने के बजाय किनारे की कच्ची जगह व धर्मकांटे के परिसर का उपयोग कर बगल से निकल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग भारी ट्रैफिक के लिए उपयुक्त नहीं है। हाइटगेज लगने से उम्मीद जगी थी कि सड़क सुरक्षित रहेंगी लेकिन रात–दिन हैवी वाहनों का आवागमन जारी रहने से सड़क की हालत खस्ता होती जा रही है। वहीं, सड़क हादसों का भी भय बना रहता है।लोगों का यह भी कहना है कि हैवी वाहन चालक टोल टैक्स बचाने की मंशा से भी नवाबगंज स्थित टोल प्लाजा से होकर नहीं जाते हैं। सीओ हसनगंज अरविंद चौरसिया सि ने बताया कि अधिकतर वाहन धर्मकांटा पर वाहनों की तौल कराने जाते हैं। साथ ही उस मार्ग पर जो दुकानदार या गैस एजेंसी संचालक हैं उनके वाहनों को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में निकलवाया जाता है।



## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 121 जोड़ों का हुआ भव्य विवाह, जिलाधिकारी ने दिया आशीर्वाद

आवाज —ए— लखनऊ – महेन्द्र कुमार

उन्नाव। समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत डॉ वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर के प्रांगण में 121 जोड़ों का सामूहिक विवाह धर्म की रीति–रिवाज और परंपराओं के अनुसार विधिवत मंत्रोच्चार व पूजन–अर्चन के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरांग राठी तथा सदर विधायक प्रतिनिधि प्रखर गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वर–वधुओं को आशीर्वाद देते



हुए कहा कि जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी और त्वरित रूप से पहुंचे। विवाह उपरांत सभी जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में 118 जोड़ों का हिंदू रीति से तथा 3 जोड़ों का मुस्लिम रीति से निकाह संपन्न कराया गया। इनमें विभिन्न विधानसभाओं से जोड़े शामिल रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक कन्या के खाते में 60 हजार रुपये, 25 हजार रुपये की वैवाहिक सामग्री तथा 15 हजार रुपये आयोजन व्यय के रूप में दिए जाएंगे। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष मोहान, तेजयंत सिंह, देव कुमार चतुर्वेदी सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी और वर–वधू के परिजन उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम निशान यात्रा का आयोजन

बहराइच (संवाददाता)। जनपद के बलहा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मझौवा भुलौरा में भव्य खाटू श्याम निशान यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजक श्री चंदन टेकरीवाल ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। यह निशान यात्रा बाबा श्याम के प्रति आस्था और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है। श्रद्धालु हाथों में लाल–पीले रंग के निशान लेकर भजनों की मधुर धुन पर नाचते–गाते हुए यात्रा में शामिल हुए। महिलाएं रंग–बिरंगे पारंपरिक परिधानों में तथा युवा उत्साहपूर्वक ध्वज लेकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। यह यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई स्टेशन बाजार नानपारा बहराइच स्थित प्रमुख श्री खाटू श्याम मंदिर तक पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने विधिवत निशान चढ़ाकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। फाल्गुन माह में आयोजित इस महोत्सव के दौरान बाबा श्याम के विशेष दर्शन की व्यवस्था भी की गई थी।

## पुलिस कस्टडी में मेडिकल संचालक की मौत

### थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस

बहराइच (संवाददाता)। जनपद में पुलिस हिरासत में एक मेडिकल स्टोर संचालक की मौत हो गई। नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में उन्हें रामगांव थाना पुलिस ने हिरासत में लिया था। इस मामले में उच्चाधिकारियों के आदेश पर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। देहात कोतवाल को मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।मृतक की पहचान 55 वर्षीय राकेश चंद्र श्रीवास्तव उर्फ गोपाल के रूप में हुई है, जो रामगांव थाना क्षेत्र के गोविंदपुर चौराहे पर मेडिकल स्टोर चलाते थे। गुरुवार शाम करीब छह बजे थानाध्यक्ष गुरुसेन सिंह और सिपाही पवन सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी उन्हें दुकान से पकड़कर थाने ले गए थे। परिजनों का आरोप है कि जब वे



जानकारी के लिए थाने पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें भगा दिया। करीब तीन घंटे बाद रात नौ बजे थाना प्रभारी ने परिजनों को गोपाल की तबियत खराब होने की सूचना दी। जब मृतक का बेटा और भतीजा आयुष थाने पहुंचे, तो गोपाल बेसुध पड़े थे। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। भतीजे आयुष ने बताया कि चाचा को उसी हालत में पुलिस कर्मी जीप से लाकर घर पर छोड़ चले गए। उनकी सांसे नहीं चल रही थी । हम लोग उन्हें लेकर जिला अस्पताल इमर्जेंसी पहुंचे तो वहां पर तैनात चिकित्सक शिवम ने बताया कि इनकी मौत हो चुकी है। जैसे ही इस बात की सूचना इलाके में पहुंची तो लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सभी ने थाने में मारपीट के दौरान उनकी मौत की बात कही। सूचना पर देर रात पुलिस क्षेत्राधिकारी पवन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक के खिलाफ इलाके के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था।

## होली पर किसानों के जीवन में रंग भरेगी योगी सरकार

# अनुदान पर कृषि यंत्रों का तोहफा 4 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन

संवाददाता

**लखनऊ।** होली के पर्व पर किसानों की आय और खेती की क्षमता बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने बड़ी पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों को अनुदान पर आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने जा रही है। इसके लिए बुकिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो 4 मार्च तक चलेगी। इच्छुक किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कृषि विभाग के अनुसार यह पहल किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर खेती को लाभकारी, समयबद्ध और कम लागत वाली बनाने की दिशा में अहम कदम है। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत फार्म मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन, विभिन्न एकल कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए विशेष कृषि यंत्र और प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना के तहत भी आवेदन किए जा सकते हैं। साथ ही त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बैच ड्रायर और मेज सेलर के लिए भी किसान आवेदन कर सकेंगे।



कृषि यंत्रों की बुकिंग पूरी तरह ऑनलाइन होगी। किसान वेबसाइट पर किसान कॉर्नर के अंतर्गत यंत्र बुकिंग प्रारंभ विकल्प पर क्लिक कर आवेदन कर सकते हैं। बुकिंग टोकन कन्फर्म होने के बाद किसान को 10 दिन के भीतर कृषि यंत्र खरीद कर उसकी रसीद और फोटो पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। सरकार के प्रयासों का असर जमीन पर दिख रहा है। वर्ष 2017-18 से 2025 के बीच प्रदेश में लगभग तीन लाख कृषि यंत्रों का वितरण किया गया है।

## लोक भवन के सामने महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास, पुलिस की तत्परता से बची जान

संवाददाता

**लखनऊ।** पड़ोसी से जमीन विवाद को लेकर एक महिला ने शुक्रवार अपरान्ह एक बजे के करीब लोकभवन के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। महिला ने जैसे ही अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने की कोशिश की। मौके पर मौजूद आत्मदाह निरोधी दस्ते और पुलिसकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे सुरक्षित बचा कर हजरतगंज पुलिस के हवाले कर दिया। हजरतगंज पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला सुमन (परिवर्तित नाम) न्यू श्रीनगर, मानकनगर की रहने वाली है। पूछताछ में महिला ने बताया कि उनका अपने पड़ोसी से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। महिला का आरोप है कि पड़ोसी द्वारा कथित रूप से भूमि पर अतिक्रमण किया गया है तथा विरोध करने पर उन्हें और उनके परिवार को धमकियां दी गईं। महिला का कहना है कि उन्होंने पहले भी भूमि की पैमाइश और सीमांकन के लिए आवेदन दिए थे, लेकिन अब तक स्पष्ट समाधान नहीं हो सका। हजरतगंज पुलिस ने आगे की कार्रवाई के लिये महिला को थाना मानकनगर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर अभिलेखों की जांच कराई जाएगी और तथ्यों के आधार पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं लखनऊ पुलिस ने अपील की है कि किसी भी विवाद के समाधान के लिए आत्मघाती कदम उठाना उचित नहीं है। संबंधित महिला को परामर्श और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है।



## संक्षिप्त सामाचार

### मुख्यमंत्री योगी के सलाहकार अवनीश अवस्थी को मिला एक वर्ष का सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार एवं पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी को एक वर्ष का सेवा विस्तार प्रदान किया गया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार उनका कार्यकाल अब 28 फरवरी 2027 तक बढ़ा दिया गया है। अवनीश अवस्थी को मुख्यमंत्री के सबसे भरोसेमंद अधिकारियों में गिना जाता है। वे प्रशासनिक अनुभव, नीतिगत समन्वय और महत्वपूर्ण निर्णयों के क्रियान्वयन में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए जाने जाते हैं। सरकार की विभिन्न प्रमुख परियोजनाओं और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सेवा विस्तार को सरकार की निरंतरता और नीतिगत स्थिरता के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। माना जा रहा है कि आगामी वर्ष में भी वे मुख्यमंत्री कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित कर प्रमुख योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में योगदान देते रहेंगे।

### होली के दौरान यूपी में 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं हाई अलर्ट पर

**लखनऊ।** होली पर्व को देखते हुए उत्तर प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं को 24 घंटे हाई अलर्ट पर रखा गया है। शासन के निर्देश के बाद सभी एंबुलेंस इकाइयों को विशेष सतर्कता बरतने के आदेश जारी किए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक 108 डायल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस को 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। संस्था के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि 24×7 निर्बाध एंबुलेंस सेवा सुनिश्चित की जा सके। त्योहार के दौरान 108 एंबुलेंस को चिन्हित संवेदनशील स्थानों, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और थानों के आसपास तैनात रखा जाएगा, जिससे जरूरतमंदों को न्यूनतम समय में अस्पताल पहुंचाया जा सके। सभी एंबुलेंस में ऑक्सीजन, जीवनरक्षक दवाएं और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है जबकि सड़क दुर्घटना, जलने, हार्ट अटैक, सांस संबंधी समस्या, गर्भावस्था या अन्य किसी भी आपात स्थिति में 108 नंबर पर कॉल कर निःशुल्क सेवा ली जा सकती है। वहीं गर्भवती महिलाओं और दो वर्ष तक के बच्चों के लिए 102 एंबुलेंस सेवा भी 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। वर्तमान में प्रदेश में 108 सेवा की लगभग 2200 तथा 102 सेवा की 2270 एंबुलेंस संचालित हैं।

### ग्रामीण शासन को बढ़ावा देने के लिए झारखंड को दिये गये 275 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने झारखंड में पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई)/ ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को सुदृढ़ करने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान के रूप में 275.1253 करोड़ रुपये जारी किये हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह राशि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अबद्ध अनुदान की दूसरी किस्त है और इससे राज्य की सभी पात्र 24 जिला पंचायतों (डीपी), 253 ब्लॉक पंचायतों (बीपी) और 4,342 ग्राम पंचायतों (जीपी) को लाभ मिलेगा। केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई)/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) के लिए राज्यों को पंद्रहवें वित्त वर्ष के अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है, जिसे वित्त मंत्रालय जारी करता है। आवंटित अनुदान एक वित्तीय वर्ष में दो किस्तों में जारी किये जाते हैं।

## पूर्वांचल में संगठन विस्तार में जुटी रालोद 15 को देवरिया में जनसभा करेंगे जयंत

संवाददाता

**लखनऊ।** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) पूर्वांचल में अपनी जमीन मजबूत करने में जुटी है। इसी क्रम में 15 मार्च को देवरिया चीनी मिल मैदान में पार्टी की तरफ से एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। इस जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी शामिल होंगे। शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य विधान परिषद डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि जनसभा की तैयारियों को लेकर संगठन पूरी तरह सक्रिय है तथा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इसे ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि पूर्वांचल में पार्टी का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है। किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये आजमगढ़, गाजीपुर और मऊ में भी शीघ्र ही रैलियां आयोजित की जाएंगी।



संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 31 जुलाई तक बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ किया जाएगा तथा अगस्त-सितंबर में प्रत्येक जिले में सम्मेलन आयोजित कर एनडीए सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। रामाशीष राय कहा कि पार्टी आगामी पंचायत एवं 2027 विधानसभा चुनावों में पूरी मजबूती से मैदान में उतरेगी। कौशल विकास मंत्रालय के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा गन्ना मूल्य में 30 रुपये की वृद्धि जैसे निर्णय किसानों और युवाओं के हित में ऐतिहासिक कदम हैं।

### गोदाम में एक्सपायर मिली सोन पापड़ी और राजभोग नष्ट कराई

**लखनऊ।** शहर में एक्सपायर हो चुकी सोनपाड़ी और राजभोग बेचा जा रहा है। एफएसडीए ने मोहिबुल्लापुर स्थित हल्दीराम के स्टोरेज एसआर सेल्स में छापा मारा तो बड़े पैमाने पर ऐसी मिठाइयां मिलीं जिनके उपयोग की सीमा खत्म हो चुकी थी। एफएसडीए ने एक कुंतल 12 किलोग्राम सोनपापड़ी और राजभोग नष्ट कराया। एफएसडीए के अनुसार समय सीमा खत्म होने के बाद उत्पाद को अलग कम्पार्टमेंट में रखना जरूरी है। यहां स्पष्ट रूप से 'बिक्री के लिए नहीं' और 'इनसानों के खाने योग्य नहीं' का बोर्ड होना चाहिए। कारोबारी ने कम्पार्टमेंट तो बनाया था लेकिन ये उत्पाद वहां नहीं रखे थे। इन उत्पादों को उस सेक्शन में रखा गया था जहां से बिक्री के लिए लगातार उत्पाद निकाले जा रहे थे। जिन मिठाइयों को नष्ट कराया गया उनको सही पैकेटों के बीच से छांटकर अलग किया गया। यहां पर असार्टेड पेड़ा, रसगुल्ला, गुलाब जामुन, पेठा, गुझिया भी रखी थी जिसके नमूने लिए गए।

## केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े: अखिलेश

संवाददाता

**लखनऊ।** शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी किये जाने पर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष ने भाजपा को आड़े हाथ लिया है।

उन्होंने इसे भाजपा के लिए 'नैतिक मृत्युदंड' बताते हुए कहा कि आज दिल्ली के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया के जरिये प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आरोप कभी इतना बड़ा नहीं हो सकता कि वो सच को आच्छादित कर ले। आज हर ईमानदार आशा भरी सांस लेगा और भाजपा के समर्थक शर्म के मारे घोर आत्म-लज्जित हो रहे होंगे। भाजपा ने दिल्ली के निवासियों से विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि जो कपटजीवी सनातनी शंकराचार्य, साधु, संतों, संन्यासियों तक पर झूठे आरोप लगाने का महापाप करते हैं। वो भला किसी सरकार, दल या किसी व्यक्ति को बदनाम करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं। इसकी कल्पना कोई शरीफ़ आदमी कर ही नहीं सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज़ादी से पहले, वर्तमान सत्ता के जो 'संगी-साथी' देश के दुश्मनों से मिले हुए थे और स्वतंत्रता सेनानियों को फाँसी के फंदों तक पहुँचाने के लिए, आज़ादी के दीवानों के ख़िलाफ़ मुख़बिरी जिनका काम रहा है। जो देश को गुलाम बनानेवाले साम्राज्यवादियों के माफ़ी-वज़ीफ़े पर रहकर अपनी भूमिगत भूमिका निभाते रहे हैं, छल-छलावे के वो विचारवंशी भाजपाई, आज किसी को मुँह दिखाने लायक नहीं बचे हैं।




## रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य नामित हुए हरीश चंद्र श्रीवास्तव

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता हरीश चंद्र श्रीवास्तव को भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय (उर्वरक विभाग) की हिंदी सलाहकार समिति (राजभाषा सलाहकार समिति) में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह समिति हिंदी भाषा के आधिकारिक उपयोग को बढ़ावा देने, राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करने और मंत्रालय को आवश्यक सलाह प्रदान करने के उद्देश्य से गठित की जाती है।

मंत्रालय की उप-निदेशक (राजभाषा) विमला दहिया द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार समिति का पुनर्गठन 18वीं लोकसभा के गठन के बाद किया गया है। समिति की अध्यक्षता केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा कर रहे हैं, जबकि उपाध्यक्ष के रूप में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल हैं। समिति में कुल 13 सदस्य हैं, जिनमें सांसद, विशेषज्ञ और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं। हिंदी सलाहकार समिति का दायित्व संविधान में वर्णित राजभाषा संबंधी प्रावधानों, केंद्रीय हिंदी समिति के नीतिगत निर्णयों, राजभाषा अधिनियम एवं नियमों तथा गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप मंत्रालय और उसके अधीनस्थ कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग की समीक्षा करना तथा आवश्यक सुझाव देना है। समिति का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। विशेष परिस्थितियों में ही इसे बढ़ाया या घटाया जा सकता है। सांसद सदस्य अपने संसदीय कार्यकाल तक ही समिति में बने रहते हैं, जबकि पदेन सदस्य संबंधित पद पर कार्य करने तक सदस्य रहते हैं। किसी सदस्य के त्यागपत्र या निधन से रिक्त स्थान पर नामित नया सदस्य शेष कार्यकाल के लिए ही नियुक्त होता है।



सदस्य नामित किए जाने पर हरीश चंद्र श्रीवास्तव ने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी वरिष्ठ नेताओं तथा प्रदेश नेतृत्व सहित सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा मिली यह जिम्मेदारी वह सहर्ष स्वीकार करते हैं। वर्षों की अहर्निश, कर्तव्यनिष्ठ सेवा के प्रतिफल के रूप में मिले इस दायित्व को वह सेवा भाव से निभाएंगे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली से पहले वेतन भुगतान के दिए सख्त निर्देश

संवाददाता

लखनऊ, 27 फरवरी (वार्ता) होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमित कर्मचारियों सहित आउटसोर्सिंग, संविदा और सफाईकर्मियों का वेतन होली से पूर्व हर हाल में जारी किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग अपने स्तर से वेतन वितरण की प्रक्रिया तत्काल पूरी करें, ताकि कर्मचारियों को त्योहार के दौरान किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा का सामना न करना पड़े। शासन ने शनिवार, 28 फरवरी 2026 को कार्यदिवस घोषित किया है। वहीं कर्मचारियों को 3 मार्च 2026 का अतिरिक्त अवकाश दिया जाएगा। होली पर्व के अवसर पर 2, 3 और 4 मार्च को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सरकार के इस निर्णय को कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे त्योहार से पहले उन्हें समय पर वेतन मिल सकेगा।

### केजरीवाल के बरी होने पर बोले पंकज चौधरी बोले- कानून और अदालतों के अपने-अपने काम हैं

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि कानून अपना काम करता है और अदालतें अपना काम करती हैं। शराब नीति मामले में दिल्ली की एक अदालत द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बरी किये जाने पर पंकज चौधरी ने कहा कि कानून अपना काम करता है और अदालतें अपना काम करती हैं।

## ऑपरेशन धन के जरिये जब्त मादक पदार्थों की होली जलायेगी पुलिस

संवाददाता

**लखनऊ।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न ऑपरेशनों के जरिये जब्त किए गए मादक पदार्थों के समयबद्ध विनष्टीकरण / निस्तारण के लिये यूपी पुलिस विशेष अभियान ऑपरेशन दहन चलाएगी। पहली मार्च से लेकर 31 मई तक प्रदेश के सभी जिलों में इसका समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।

शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय की तरफ से बयान जारी कर कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नशा मुक्त उत्तर प्रदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा के निर्देशन में प्रदेश में जब्त/बरामद अवैध मादक पदार्थों को नष्ट किया जायेगा। मुख्यालय की तरफ से कहा गया है कि अभियान के अंतर्गत न्यायालय से विनष्टीकरण के लिये अनुमति प्राप्त कर नियमानुसार विनिष्टीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। जिसमें जनपदीय पुलिस प्रभारी डी सी पी कमिश्नरेट की व्यक्तिगत उपस्थिति में मादक पदार्थों का सुरक्षित विनष्टीकरण सुनिश्चित कराया जायेगा।



संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी एवं विधिवत अभिलेखीकरण कर विनष्टीकरण कार्यवाही की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यालय ने कहा है कि ऑपरेशन दहन केवल विनष्टीकरण की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध प्रदेश पुलिस की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं शून्य सहनशीलता नीति का सशक्त प्रतिबिंब है।

इस अभियान के माध्यम से न केवल भंडारण संबंधी जोखिमों को न्यूनतम किया जायेगा, बल्कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर एवं स्पष्ट संदेश भी प्रेषित किया जायेगा। लरदेश के सभी जिलों में इस अभियान की मॉनिटरिंग एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा की जाएगी।

### लोहिया अस्पताल के डॉक्टर दंपति समेत 76 लोगों पर रिपोर्ट

**लखनऊ।** गोमतीनगर के विनीत खंड निवासी अजीत प्रताप सिंह ने लोहिया अस्पताल के डॉक्टर दंपति और 76 अन्य पर वेयरहाउस में डकैती डालने व मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। अजीत कुमार ने बताया कि वह विज्ञापन एजेंसी राज एसोसिएट कंपनी में पार्टनर हैं। 11 अक्तूबर 2011 में उन्होंने कानपुर के किदवई नगर निवासी सुधा बाजपेई के पति स्व. प्रेम कुमार से उनकी गोमतीनगर स्थित जमीन लीज पर ली थी। लीज का समय 30 साल तक तय किया गया था। किराया प्रतिवर्ष 1.20 लाख रुपये था। लीज पर ली गई जमीन पर उन्होंने कंपनी का दफ्तर, वर्कशॉप, वेयरहाउस और 20 लाख का यूनिपोल बनवाया था। अजीत का आरोप है कि प्रेम कुमार की मृत्यु के बाद सुधा, उनके परिचित लोहिया अस्पताल के डॉक्टर सुब्रत चंद्रा, उसकी पत्नी डॉ पूजा, गरिमा, इति, पंकज, रोहित और सुधा का कार चालक रामजीत जमीन पर कब्जा हासिल करने के लिए उपर दबाव डालने लगे।

## केजरीवाल-सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपी के बरी होने का आप ने किया स्वागत

संवाददाता

**लखनऊ।** दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में राऊज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले का आम आदमी पार्टी (आप) उत्तर प्रदेश ने स्वागत किया है। शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि यह निर्णय न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते पार्टी नेतृत्व को निशाना बनाया गया, लेकिन न्यायालय के फैसले ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया। सभाजीत सिंह ने कहा कि एक निर्वाचित मुख्यमंत्री को 177 दिन तथा उपमुख्यमंत्री को लगभग 17 महीने तक कारावास में रहना पड़ा। इस दौरान परिवारों और कार्यकर्ताओं को मानसिक व सामाजिक दबाव झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि पार्टी को विश्वास था कि अंततः न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी के क्षेत्र में किए गए कार्यों को देशभर में सराहना मिली है। पार्टी का दावा है कि इन पहलों को आगे बढ़ाने और जनता तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। आम आदमी पार्टी ने न्यायालय के निर्णय को लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की जीत बताते हुए कहा कि सत्य अंततः विजयी होता है। पार्टी ने न्यायपालिका के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि वह जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करती रहेगी।

## आईजीआरएस पर शिकायतों में लगाई निस्तारण की झूठी रिपोर्ट

### मुख्य सचिव की समीक्षा में खुली पोल, 23 अधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता

**लखनऊ।** नगर निगम के अधिकारियों और इंजीनियरों ने आईजीआरएस पर की गई शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर आख्या लगा दी। जांच में 23 अधिकारी दोषी पाए गए हैं। इन अधिकारियों ने सड़क मरम्मत से हाउस टैक्स असेसमेंट तक की शिकायतों में निस्तारण की झूठी रिपोर्ट लगा दी।

मुख्य सचिव कार्यालय में समीक्षा में पोल खुल गई। अब नगर आयुक्त गौरव कुमार ने संबंधित अधिकारियों से दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। इन अधिकारियों ने जोन के जोनल अधिकारी, चीफ इंजीनियरिंग, जीएम जलकल, अधिशासी अभियंत से लेकर संपत्ति विभाग के अधिकारी शामिल हैं। अब इन अधिकारियों पर शासन से कार्रवाई तय है।



मुख्य सचिव एसपी गोयल ने 17 फरवरी को वीडियो कॉफ्रेंसिंग से आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की थी। उन्होंने जिलाधिकारी विशाख जी को आईजीआरएस में झूठी रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

इसके बाद जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई के निर्देश दिए। आम जनमानस से जुड़ी शिकायतों की झूठी रिपोर्ट लगाने में सबसे आगे जोन स्तर पर जोनल अफसर शामिल हैं। साथ ही आरआर चीफ इंजीनियर और संपत्ति प्रभारी भी दोषी पाए हैं। नगर आयुक्त सभी अफसरों से स्पष्टीकरण लेकर शासन को रिपोर्ट के साथ भेजेंगे। इसके बाद शासन स्तर से कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि कुछ अफसर निलंबित किए जा सकते हैं।

### फर्जी निस्तारण में ये अधिकारी व इंजीनियर शामिल

जोनल अधिकारी ओपी सिंह, संजय यादव, आकाश कुमार, शिल्पा कुमारी, विनित सिंह, अमरजीत यादव, विकास सिंह, जोनल अधिकारी/संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद, चीफ इंजिनियर मनोज प्रभात, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा, संजय पांडेय, नजमी, शील श्रीवास्तव, अशोक यादव, एई आलोक श्रीवास्तव

### 300 से ज्यादा शिकायतों का फर्जी निस्तारण

सड़क, सीवर लीकेज, हाउस टैक्स असेसमेंट, संपत्ति, होर्डिंग सहित म्यूटेशन से जुड़ी कई शिकायतों को लेकर आम लोग आईजीआरएस करते हैं। इन शिकायतों के निपटारे का जिम्मा नगर निगम के अफसरों पर होता है। लेकिन समस्या दूर करने के बजाए फर्जी रिपोर्ट लगाते हैं। इस तरह की 300 से ज्यादा मामले पकड़े गए हैं।

## सम्पादकीय

# विदेश नीति को बदलते प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इतिहास में अपना नाम किन अक्षरों में दर्ज कराना चाहते हैं, ये तो पता नहीं, लेकिन भारत की विदेश नीति का जो गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास रहा है, उसे वो पूरी तरह मटियामेट करना चाहते हैं, यह साफनजर आ रहा है। वैसे भी जब इतिहास की पूरी समझ न हो, या जानबूझकर इतिहास को नजरंदाज किया जाता है तो वर्तमान और भविष्य दोनों किस तरह खतरे में पड़ जाते हैं, इसका बड़ा उदाहरण नरेन्द्र मोदी की इजरायल यात्रा से मिल ही रहा है। महज दो दिनों के लिए मोदी इजरायल गए, लेकिन वहां जो कुछ उन्होंने कहा, उससे भारत की बरसों की मेहनत पर पानी फिर गया है। बुधवार को इजरायली संसद नेसेट में जिस तरह का भाषण प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है, उसमें वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। क्योंकि इजरायल ने फिलीस्तीन में हमास को खत्म करने के नाम पर जो नरसंहार किया, उस पर दुनिया भर में चिंता जाहिर की जा रही है, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री ने इजरायली संसद में जाकर हमास की न केवल आलोचना की, बल्कि तीन साल पहले 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले की तुलना भारत में मुंबई के आतंकी हमले से कर दी। माना कि दोनों में निर्दोष लोगों की ही जान गई, लेकिन सोचने वाली बात ये है कि नरेन्द्र मोदी को यूपीए सरकार में हुआ मुंबई हमला अगर याद आया तो खुद की सरकार में हुए पुलवामा और पहलगाम जैसे बड़े आतंकी हमलों को वो कैसे भूल गए। होता तो यही है कि इंसान को हाल की बात पहले याद आती है और पुरानी बात बाद में। लेकिन मोदीजी के साथ उल्टा ही हो रहा है। उन्हें अपने कार्यकाल का कुछ याद नहीं रहता, केवल कांग्रेस की सरकारों की बातें याद पड़ती हैं। अपने संबोधन में मोदी ने गजा शांति पहल को क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में एक रास्ता बताया। यानी सीधे-सीधे अमेरिका की तारीफउन्होंने की। इसके साथ ही इजरायल के साथ एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि कहीं भी आतंकवाद शांति को हर जगह खतरे में डालता है। गौर कीजिए कि मोदी ने इजरायल की कुर्बानियों का जिक्र किया लेकिन गजा में मारे गए 70 हजार लोगों की हत्या और हमदर्दी के लिए एक शब्द नहीं कहा, वो कह भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्हें तो ट्रंप और नेतन्याहू से दोस्ती निभानी है। मोदी ने गजा नरसंहार को पूरी तरह नजरन्दाज किया, यहां तक तो ठीक है, लेकिन दुख इस बात का है कि अपने साथ-साथ उन्होंने पूरे देश की जनता को इजरायल के साथ खड़ा दिखाया। मोदी ने कहा, शमैं भारत की जनता की ओर से हर खोई हुई जान के लिए गहरी संवेदना लेकर आया हूं और हर उस परिवार के लिए जिनका संसार 7 अक्टूबर 2023 को हमास के बर्बर आतंकवादी हमले में टूट गया। हम आपका दर्द महसूस करते हैं। हम आपका दुख साझा करते हैं। भारत इजरायल के साथ मजबूती से, पूरे विश्वास के साथ, इस पल में और उसके आगे भी खड़ा है। कोई भी कारण नागरिकों की हत्या को जायज नहीं ठहरा सकता।

कुछ भी आतंकवाद को जायज नहीं ठहरा सकता।श् कितने सुविधाजनक तरीके से मोदी ने गजा में नेतन्याहू के इजरायली आतंकवाद का जिक्र तक नहीं किया। जबकि खुद इजरायल की जनता अपनी सरकार के ऐसे बर्बर रवैये के खिलाफहै। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मोदी के भाषण पर उन्हें इतिहास की याद दिलाते हुए नेहरू के इजरायल के निर्माण पर आइंस्टीन को लिखे पत्र में व्यक्त विचारों का हवाला दिया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया- अप्रैल 1955 में आइंस्टीन के निधन से कुछ समय पहले, आइंस्टीन और नेहरू ने परमाणु विस्फोटों और हथियारों के मुद्दे पर पत्रों का आदान-प्रदान किया था।श् नेहरू ने 11 जुलाई 1947 को आइंस्टीन को जवाब में लिखारू श्मैं मानता हूं कि जबकि मेरी यहूदियों के लिए बहुत अधिक हमदर्दी है, मुझे अरबों की दुर्दशा के लिए भी उतनी ही हमदर्दी है। किसी भी घटना में, पूरा मुद्दा दोनों पक्षों की ओर से उच्च भावना और गहरे जुनून का हो गया है।श् नेहरू ने यहूदियों के नजरिए पर सवाल उठाते हुए कहारू श्मैंने फिलिस्तीन की इस समस्या पर अच्छा ध्यान दिया है और दोनों पक्षों द्वारा जारी की गई किताबों और पैम्फलेट्स को पढ़ा हैय फिर भी मैं यह नहीं कह सकता कि मैं इसके बारे में सब जानता हूं, या मैं क्या किया जाना चाहिए पर अंतिम राय देने के लिए सक्षम हूं। मुझे पता है कि यहूदियों ने फिलिस्तीन में एक अद्भुत काम किया है और वहां के लोगों के स्तर को ऊंचा उठाया है, लेकिन एक सवाल मुझे परेशान करता है। इन सभी उल्लेखनीय उपलब्धियों के बाद, वे अरबों की सद्भावना हासिल करने में क्यों विफल रहे? नेहरू ने लिखा-वे अरबों को अपनी इच्छा के विरुद्ध कुछ मांगों को मानने के लिए क्यों मजबूर करना चाहते हैं? नजरिए का तरीका ऐसा रहा है जो समझौते की ओर नहीं ले जाता, बल्कि संघर्ष की निरंतरता की ओर ले जाता है। मुझे कोई संदेह नहीं कि गलती एक पक्ष तक सीमित नहीं है बल्कि सभी ने गलती की है। मुख्य समस्या फिलिस्तीन में ब्रिटिश शासन की निरंतरता रही है। तो यहां जयराम रमेश ने इजरायल और फिलीस्तीन दोनों पर नेहरू जी के विचार बता दिए। गौरतलब है कि जर्मनी में हिटलर ने यहूदियों पर भीषण अत्याचार किया था, जिस पर सभी की सहानुभूति यहूदियों के साथ थी। लेकिन इजरायल में बस कर यहूदियों ने जिस तरह फिलीस्तीन के लोगों को उनके ही घर से बेदखल करने की लगातार कोशिश की और इसमें अमेरिका ने जैसे इजरायल को बढ़ावा दिया।

# दक्षिण एशिया सुरक्षा पर वाशिंगटन का आक्रामक रवैया भारत के लिए भी सिरदर्द

**नित्य चक्रवर्ती**

> प्रधानमंत्री तारिक रहमान और उनके विदेश मंत्री खलीलुर रहमान के पद संभालने के बाद, जो एक बहुत अनुभवी विदेश सेवा अधिकारी थे, ने हमेशा की तरह तीन बड़े देशों भारत, अमेरिका और चीन के साथ रिश्तों की पुनर्समीक्षा की और बांग्लादेश के फायदे के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए, इस पर बात की। अभी-अभी घोषित अमेरिका-बांग्लादेश व्यापार समझौते की समीक्षा पर भी चर्चा हुई। तीनों बड़े देशों के साथ रिश्तों में संतुलन बनाने के मुद्दे दृष्टिपटल पर थे। जब शनिवार 21 फरवरी को शुरुआती बातचीत चल रही थी, तो अमेरिकी राजदूत ब्रेंटक्रिस्टेंसन ने बिना बांग्लादेश का नाम लिए एक कड़े बयान में कहा कि, वह दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते असर को लेकर परेशान हैं। ट्रंप की तरफसे तारिक को भेजे गए पत्र में यह भी कहा गया था।

12 फरवरी के राष्ट्रीय चुनाव में अपनी पार्टी की शानदार जीत के बाद बीएनपी प्रमुख तारिक रहमान को बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बने हुए सिर्फएक हफ्ता हुआ है। 60 साल के प्रधानमंत्री, जो ब्रिटेन में 17 साल के देश निकाला के बाद स्वदेश लौटे हैं, से उम्मीद की जा रही थी कि वे देश की खराब अर्थव्यवस्था और इसके प्रशासन को फिर से दुरुस्त करने को सबसे ज्यादा प्राथमिकता देंगे, लेकिन उनके ध्यान का केन्द्र अचानक बदल गया है, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका प्रशासन बहुत ज्यादा सक्रिय हो गया है और नई सरकार से चीन के खिलाफरूख अपनाने के लिए कहकर बांग्लादेश के अंदरूनी मामलों में दखल दे रहा है। अमेरिका की तरफसे ऐसा खुला दावा हाल के महीनों में नहीं देखा गया है। असल में, अंतरिम सरकार के पहले के आधे समय में अमेरिकी दूतावास के अधिकारी इतने सक्रिय नहीं थे, लेकिन 12 फरवरी के चुनाव पास आते ही हालात बदल गए। बांग्लादेश को लेकर ट्रंप प्रशासन के नजरिए में अचानक बदलाव आया। नए अमेरिकी राजदूत ब्रेंटक्रिस्टेंसन ने इस साल 12 जनवरी को ढाका में अपना कार्यभार संभाला, अर्थात 12 फरवरी के चुनाव से ठीक एक महीना पहले। तब सेब्रेंट समेत अमेरिकी अधिकारी बीएनपी और जमात दोनों नेताओं को साध रहे हैं ताकि चीनी राजदूत योवेन को मात दी जा सके, जो पिछले तीन सालों से ढाका में सक्रिय हैं और सरकार और राजनीतिक पार्टियों के हर स्तर पर बड़े सम्पर्क बना रहे हैं।

प्रधानमंत्री तारिक रहमान और उनके विदेश मंत्री खलीलुर रहमान के पद संभालने के बाद, जो एक बहुत अनुभवी विदेश सेवा अधिकारी थे, ने हमेशा की तरह तीन बड़े देशों भारत, अमेरिका और चीन के साथ रिश्तों की पुनर्समीक्षा की और बांग्लादेश के फायदे के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए, इस पर बात की। अभी-अभी घोषित अमेरिका-बांग्लादेश व्यापार समझौते की समीक्षा पर भी चर्चा हुई। तीनों बड़े देशों के साथ रिश्तों में संतुलन बनाने के मुद्दे दृष्टिपटल पर थे। जब शनिवार 21 फरवरी को शुरुआती बातचीत चल रही थी, तो अमेरिकी राजदूत ब्रेंटक्रिस्टेंसन ने बिना बांग्लादेश का नाम लिए एक कड़े बयान में कहा कि, वह दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते असर को लेकर परेशान हैं। ट्रंप की तरफसे तारिक को भेजे गए पत्र में यह भी कहा गया था कि अमेरिका-बांग्लादेश साझेदारी आपसी सम्मान और एक मुक्त और खुला भारत-प्रशांत को बढ़ावा देने में एक जैसे फायदे पर आधारित है। इसका असल में मतलब है कि अमेरिका अब चीन के खिलाफअपनी भारत-प्रशांत सुरक्षा रणनीति में बांग्लादेश को एक भागीदार के तौर पर चाहता है, ठीक वैसे ही जैसे ट्रंप ने अपनी चीन विरोधी सुरक्षा रणनीति में भारत को एक भागीदार के तौर पर शामिल किया है। इस प्रकार तारिक रहमान के लिए, अपनी स्थिति को स्थिर किये जाने से पहले ही, उन्हें अमेरिका की तरफसे यह धमकी मिल रही है कि अगर नई सरकार अमेरिका के साथ बेहतर रिश्ते बनाना चाहती है, तो उसे चीन के खिलाफअमेरिका की रणनीति का हिस्सा बनना होगा। जाहिर है, अगले दिन चीन ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी, जब चीनी दूत योवेन ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री से मुलाकात की और कहा कि चीन बांग्लादेश की शसर्वप्रथम बांग्लादेश नीत्यि को मानने की घोषणा की तारीफकरता है और ढाका को चीन का सहयोग हर जगह होगा और यह किसी तीसरे देश के खिलाफनहीं है। तारिक सरकार ढाका की धरती से अमेरिकी दूतावास के चीन विरोधी रवैये से बहुत शर्मिंदा है, लेकिन सरकार अमेरिका को बड़े भाई की भूमिका निभाने से रोकने के लिए बहुत कम काम ही कर



सकती है। ढाका में राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि बांग्लादेश और चीन के बीच पिछले रक्षा समझौते से अमेरिका चिंतित है। अमेरिका चाहता है कि बांग्लादेश रक्षा सहयोग के लिए चीन के साथ अपनी भविष्य की बातचीत को आगे न बढ़ाए। जहां तक धारणा का सवाल है, बांग्लादेश के लोग ज्यादातर भारत और अमेरिका दोनों के खिलाफ भावनाएं रखते हैं। 5 अगस्त, 2024 को हसीना सरकार के गिरने के बाद से पिछले अठारह महीनों में, अमेरिका के लिए भावनाओं में गिरावट की तुलना में लोगों के बीच चीन का प्रभाव बढ़ा है। 2025 की शुरुआत में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख डॉ. यूनुस के चीन दौरे में, बांग्लादेश के अलग-अलग जिलों में औद्योगिक क्षेत्र बनाने में चीन के निवेश में एक बड़ी कामयाबी मिली। बांग्लादेश में भारतीय सीमा के पास ड्रोन के लिए एक फैक्टरी लगाने का समझौता हुआ। तारिक सरकार से अब अमेरिका ने उस समझौते की नए सिरे से समीक्षा करने को कहा है। हाल ही में हस्ताक्षरित हुए अमेरिकी व्यापार समझौते की एकतरफा शर्तों ने दिखाया है कि कैसे नए बांग्लादेशी प्रधानमंत्री तारिक रहमान को वॉशिंगटन और बीजिंग के साथ रिश्तों को लेकर एक नाजुक संतुलन बनाने के चुनौतीपूर्ण कार्य से जूझना पड़ रहा है, क्योंकि दोनों उनके देश में असर डालने की होड़ में हैं। एक तरफ, अमेरिका अपने बाजार तक पहुंच, सुरक्षा सहयोग और विनियामक लाभ का प्रचार कर रहा है, तो दूसरी ओर चीन अवसंरचना, औद्योगिक समेकीकरण और रक्षा उपकरणों की आपूर्ति का वादा कर रहा है। चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और एक बड़ा अवसंरचनात्मक निवेशक बना हुआ है, जो बंदरगाहों के आधुनिकीकरण से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों तक के परियोजनाओं को वित्तपोषित कर रहा है। अमेरिका बांग्लादेश का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है और लंबे समय से इसका सबसे बड़ा विदेशी निवेशक रहा है, हालांकि प्रत्यक्ष विदेशी पूंजीनिवेश (एफ्डीआई) स्टॉक तेजी से गिरा है। जून 2023 तक के वित्तीय वर्ष में लगभग 4 अरब डॉलर से गिरकर सितंबर 2025 तक यह लगभग 1 अरब डॉलर तक नीचे आ गया है, विशेषकर यूनुस राज के दौरान राजनीतिक उथल-पुथल और निवेशकों के कमजोर भरोसे की वजह से। सितंबर 2025 तक बांग्लादेश में चीनी एफ्डीआई स्टॉक लगभग 3 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। बीजिंग ने कई दूसरे कम विकसित देशों के साथ-साथ बांग्लादेशी निर्यात को शून्य-टैरिफ पहुंच भी दिया है। पहले 2022 में 98 प्रतिशत उत्पादनों को सीमाशुल्क-मुक्त पहुंच दिया और बाद में इस पेशकश को बढ़ाया। चीन बांग्लादेश को एक बड़ी रक्षा प्रणाली आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी जगह बनाए रखने के लिए बहुत उत्सुक है। अब ट्रंप प्रशासन इस पर एतराज कर रहा है। पहले के सालों में ऐसी स्थिति नहीं थी। बीजिंग बांग्लादेश में हो रहे विकासक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुद डॉ. यूनुस से उनकी बैठक में मिले और बांग्लादेश के साथ रिश्ते बढ़ाने में व्यक्तिगत दिलचस्पी दिखाई ताकि यह दक्षिण एशियाई देश चीनी मदद से अच्छी-खासी नौकरियां पैदा कर सके। चीन नहीं चाहेगा कि अमेरिका के दबाव की वजह से उसके समझौते रद्द हो जाएं। तारिक रहमान पर उनके सलाहकारों और थिंक टैंक की तरफसे बहुत ज्यादा दबाव है।

# पेंटागन ने ईरान के खिलाफबड़े ऑप्रेशन के खतरे की चेतावनी दी

पेंटागन ईरान के खिलाफलंबे मिलिट्री कैंपेन को लेकर प्रैसिडैंट ट्रम्प के सामने चिंता जता रहा है। उसने सलाह दी है कि जिन वॉर प्लान पर विचार किया जा रहा है, उनमें अमरीका और सहयोगी देशों के नुकसान, कमजोर एयर डिफैंस और जरूरत से ज्यादा फोर्स होने जैसे रिस्क हैं। मौजूदा और पुराने अधिकारियों ने कहा कि ये चेतावनियां ज्यादातर ज्वाइंट चीफ्स ऑफस्टाफके चेयरमैन जनरल डैन केन ने डिफैंस डिपार्टमैंट में और नैशनल सिक्योरिटी काऊंसिल की मीटिंग्स के दौरान दी हैं लेकिन पेंटागन के दूसरे लीडर्स ने भी ऐसी ही चिंताएं जताई हैं। ईरान पर हमलों के लिए जिन ऑप्शन पर विचार किया जा रहा है, उनमें शुरुआती सीमित हमलों से लेकर सरकार को गिराने के मकसद से कई दिनों तक हवाई कैंपेन चलाना शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि सभी ऑप्शन में रिस्क होता है लेकिन खास तौर पर लंबे कैंपेन से अमरीकी सेना और हथियारों के स्टॉक पर काफी खर्च आ सकता है, अगर ईरान जवाबी कार्रवाई कर पाता है, तो इससे रीजनल पार्टनर्स की सुरक्षा मुश्किल हो सकती है। अगर अमरीका बड़ी मात्रा में एयर-डिफैंस हथियारों और दूसरी चीजों का इस्तेमाल करता है, जिनकी आपूर्ति कम है, तो इससे चीन के साथ भविष्य में होने वाले संभावित झगड़े की तैयारियों पर भी असर पड़ सकता है। अमरीका ने 2003 के ईराक युद्ध के बाद से मिडल ईस्ट में सबसे ज्यादा एयर पावर इकट्ठी की है, जिसमें एक एयरक्राफ्ट-कैरियर स्ट्राइक ग्रुप भी शामिल है। दूसरा कैरियर अब मेडिटेरेनियन में है। केन की चेतावनियों के बारे में मीडिया रिपोटर्स के बाद, ट्रम्प ने सोमवार को बाद में सोशल-मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट किया, ``जनरल केन, हम सब की तरह, जंग नहीं देखना चाहेंगे लेकिन अगर ईरान के खिलाफ मिलिट्री लैवल पर जाने का फैसला होता है, तो उनकी राय है कि यह आसानी से जीता जा सकेगा।''ट्रम्प प्रशासन अभी भी ईरान के साथ एक संभावित डील पर बातचीत कर रहा है, जिससे अमरीका को उम्मीद है कि तेहरान के न्यूक्लियर वैपन की तरफ जाने के रास्ते बंद हो जाएंगे, जिसे ईरानी नेताओं ने आगे बढ़ाने से मना कर दिया है, साथ ही उसके बैलिस्टिक-मिसाइल प्रोग्राम और हिजबुल्लाह और हमास जैसे रीजनल प्रॉक्सी मिलिशिया को उसके सपोर्ट पर रोक लगेगी। ईरान ने किसी भी अमरीकी हमले का जितना हो सके उतना कड़ा जवाब देने की धमकी दी है और सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने पिछले हफ्ते कहा था कि उनकी सेना एक अमरीकी युद्धपोत को डुबो सकती है। किसी भी मिलिट्री ऑप्रेशन में जोखिम होता है लेकिन ईरान के खिलाफ लगातार अभियान शायद ट्रम्प द्वारा शुरू किए गए सबसे जटिल और खतरनाक मिलिट्री ऑप्रेशनों में से एक होगा, जिसमें अमरीका को मिडल ईस्ट में एक बड़े युद्ध में खींचने की क्षमता है। अधिकारियों के मुताबिक, ईरान पर किसी भी हमले के दौरान, कई बार बमबारी करने पर अमरीकी पायलट ईरानी एयर डिफैंस के लिए असुरक्षित हो सकते हैं। ईरानी मिसाइलें मिडल ईस्ट में मौजूद अमरीकी सैनिकों के बेस को निशाना बना सकती हैं। ईरान अपनी मिसाइलों और ड्रोन से इसराईल में आबादी वाले सैंटर को भी निशाना बना सकता है, जैसा कि उसने पिछले जून में ईरान, इसराईल और अमरीका के बीच 12 दिन के युद्ध के दौरान किया था। कुछ अधिकारियों ने कहा कि अमरीका को उम्मीद है कि ईरान अपनी सरकार की रक्षा के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देगा और अमरीका के पास ईरानी मिसाइल हमलों का मुकाबला करने के लिए सिर्फ2 हफ्ते के लिए ही इंटरसैप्टर हैं, जिससे अमरीकी हथियारों के जखीरे में पैट्रियाट, थाड और एस.एम.-3 हथियारों का सीमित स्टॉक और कम हो जाएगा। हाल के हफ्तों में, अमरीका ने जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, बहरीन और इसराईल को और थाड और पैट्रियाट एंटीमिसाइल सिस्टम भेजकर मिडल ईस्ट में अपने एयर डिफैंस को मजबूत करने की कोशिश की है। एक नेवी अधिकारी के मुताबिक, अमरीका ने ईरानी खतरों को मार गिराने के लिए मिडल ईस्ट और मेडिटेरेनियन के पानी में 13 गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर भी भेजे हैं। पिछले जून में जब अमरीका ने ईरानी मिसाइल हमलों से इसराईल को बचाने में मदद की थी, तो इस लड़ाई से अमरीकी इंटरसैप्टर सप्लाई में खतरनाक कमी का पता चला। पिछले साल वसंत में जब अमरीका ने यमन में ईरान के सपोर्ट वाले हूती विद्रोहियों के खिलाफलगभग 2 महीने तक बमबारी की थी, तब भी हथियारों के स्टॉक पर दबाव था। अमरीका का सबसे बड़ा वॉरशिप फोर्ड पिछले जून से समुद्र में है और अब 11 महीने की तैनाती के लिए तैयार है, जो किसी अमरीकी वॉरशिप के सबसे लंबे लगातार मिशन का रिकॉर्ड तोड़ देगा।

# इथनाल ब्लेन्डिंग समस्या है समाधान नहीं

**अरविन्द मोहन**

> हमारे कुमारबाग में बेतिया राज की जमीन खाली थी। वहीं आसपास की चीनी मिलों से इन बाई-प्रॉडक्टों से स्वर्ग बसाने का वादा होता था जो आज तक पूरा नहीं हुआ। गन्ने से पेट्रोल बनाने की बात उन दिनों कचरे से सोना बनाने जैसी लगती थी पर बायो डीजल और बायो पेट्रोल का जमाना भी आया। हमारे यहां झटरोपा से तेल बनाने का प्रयोग चला तब तक अमेरिका ने मक्का और अन्य कृषि उत्पादों से बायो पेट्रोल बनाना शुरू करा दिया क्योंकि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बेतहाशा बढ़ने लगी और सौ डालर प्रति बैरल का रेट भी पीछे हो गया। ऐसे में मक्का वगैरह से पेट्रोल बनाना 75 डालर प्रति बैरल जितने रेट पर संभव हो तो कौन मानता? हमारे यहां भी झटरोपा वाला प्रयोग तभी हुआ और अनाज से तेल बनाने की चर्चा शुरू हुई।

चंपारण की चीनी मिलों के आसपास बचपन गुजारने के चलते उनके कचरे से निकलने वाली बास और राजनैतिक चर्चाओं की याद हमेशा के लिए मन में रह गई है। कई बार किसान मिल में गन्ना उतारकर खाली बैलगाड़ी में मिल का छोआ वाला कचरा उठा लाते थे और अपने खेत में खाद की तरह इस्तेमाल करते थे। इसकी दुर्गंध तो मिलों दूर से भी ज्यादा लगती थी और लोग कुछेक दिन उन खेतों की तरफजाने से बचते थे। नेता लोग इसी छोआ अर्थात मोलासेज से केमिकल कारखाना लगवाने या श्पेट्रोल बनानेश् और बगास अर्थात गन्ने की सीठी से कागज बनाने का प्लांट लगवाने की बात करते थे।

हमारे कुमारबाग में बेतिया राज की जमीन खाली थी। वहीं आसपास की चीनी मिलों से इन बाई-प्रॉडक्टों से स्वर्ग बसाने का वादा होता था जो आज तक पूरा नहीं हुआ। गन्ने से पेट्रोल बनाने की बात उन दिनों कचरे से सोना बनाने जैसी लगती थी पर बायो डीजल और बायो पेट्रोल का जमाना भी आया। हमारे यहां झटरोपा से तेल बनाने का प्रयोग चला तब तक अमेरिका ने मक्का और अन्य कृषि उत्पादों से बायो पेट्रोल बनाना शुरू करा दिया क्योंकि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बेतहाशा बढ़ने लगी और सौ डालर प्रति बैरल का रेट भी पीछे हो गया। ऐसे में मक्का वगैरह से पेट्रोल बनाना 75 डालर प्रति बैरल जितने रेट पर संभव हो तो कौन मानता? हमारे यहां भी झटरोपा वाला प्रयोग तभी हुआ और अनाज से तेल बनाने की चर्चा शुरू हुई। वह तो हुआ नहीं लेकिन नितिन गडकरी के परिवहन मंत्री बनने वाले राज में इसी छोआ अर्थात मोलासेज से पेट्रोल बनाने और



पेट्रोल में मिलाकर बेचने का काम शुरू हुआ जो आज परवान पर है। यह काम सिर्फगन्ना चीनी मिलों का न होकर सारे ब्रुअरीज(शराब कारखाने) के कचरे से होना शुरू हुआ है। करीब बीस फीसदी ब्लेन्डिंग के बिना पेट्रोल बिकता नहीं और कुछ पेट्रोल की खपत में बीस फीसदी का मतलब बहुत बड़ा हुआ। कीमत और विदेशी मुद्रा की बचत का हिसाब लगाएं तो और उजली तस्वीर दिखेगी पर जल्दी ही इस मामले में भी उत्पादन क्षमता जरूरत से ऊपर निकल जाएगी यह कल्पना से परे की चीज है। लेकिन आज यह स्थिति आ गई है। गन्ने के अलावा कुछ कृषि उत्पादों के इस्तेमाल की चर्चा भी है। लेकिन अमेरिका से जिस लटकी हुई व्यापार संधि को शसपनों का सौदाश् बताया जा रहा है उसमें मक्के की कुछ खास किस्म के आयात की बात भी थी और माना जाता है कि इसका प्रयोग इथनाल बनाने में हो सकता है। वैसे भारत खुद भी बड़े पैमाने पर मक्का पैदा करने लगा है जो मुर्गीपालन और मछलीपालन समेत देश की पूरी जरूरत से ज्यादा ही है। ऐसे में अगर हम अभी ही इथनाल अपनी जरूरत से ज्यादा बनाने लगे हों तो अमेरिका से मक्का आयात करने का तर्क समझना मुश्किल है। अभी वह व्यापार समझौता हो, मक्का आयात हो उसका इस्तेमाल इथनाल बनाने में हो जैसे सारे लेकिन परंतु पर क्यों जाएं, अभी तो मौजूदा स्थिति ही इस कारोबार को परेशान करने वाली है। देश में इथनाल बनाने की कुल क्षमता 18 अरब लीटर की है जबकि पेट्रोलियम कंपनियां 11 से 12 अरब लीटर माल खरीदती हैं। देश में अब बिना इथनाल मिला पेट्रोल बिकता ही नहीं और मिलावट भी बीस फीसदी मात्रा तक है। इतना होने पर भी पूरा देशी इथनाल खपाने में परेशानी हो रही है। उधर तीन अरब लीटर और उत्पादन क्षमता इस साल बढ़ेगी। तब क्या होगा यही सोचकर व्यवसाय के लोग चिंतित हैं। यह सही है कि महंगे पेट्रोल के साथ बिकने से अच्छी कीमत वसूल होती है लेकिन खुद इथनाल की कीमतों और मांग आपूर्ति का हिसाब बहुत अनिश्चितता वाला है। सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों कंपनियां, इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम यह सारा माल खरीदकर तेल में मिलाकर बेचती हैं। अब हो यह रहा है कि पेट्रोल की खपत में तो मात्र छह फीसदी सालाना की वृद्धि है जबकि इथनाल उत्पादन की क्षमता ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। अगर तीन अरब लीटर की क्षमता और बढ़ी तो यह वृद्धि 20 फीसदी हो जाएगी। फिर कीमतों और आपूर्ति का खेल एक अन्य स्तर पर जाएगा, अगर अमेरिकी मक्का भी इस खेल में शामिल हुआ तो क्या दृश्य होगा? यह कल्पना ही की जा सकती है और यह विकल्प भी नहीं है कि मिलावट को बीस फीसदी से बढ़ा दिया जाए। क्योंकि इथनाल की मिलावट से ईंधन की ऊर्जा का स्तर कम होता है-बीस फीसदी की मिलावट से यह गिरावट छह फीसदी की होती है और इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाना भी हो चुका है। अभी तक अदालत ने ग्राहकों के दावे को दरकिनार रखा है। एक दूसरी शिकायत इस मिलावटी ईंधन का गाड़ी के इंजन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की है। माना जाता है कि पिछले दिनों मिलावट की सीमा बढ़ाने पर भी विचार हुआ था लेकिन तभी सोशल मीडिया में यह बहस छिड़ गई कि मिलावटी ईंधन का गाड़ियों के इंजन पर बुरा असर होगा। यह बात खास तौर से भारत में बिकने वाली गाड़ियों पर लागू होती है।



# कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा को क्यों अलग लगी 'अक्यूज्ड'

कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अक्यूज्ड' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का एलान बीते दिनों नेटफ्लिक्स के एक इवेंट में किया गया था। यह एक साइकोलॉजिकल सस्पेंस-थ्रिलर ड्रामा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आ चुका है। हाल ही में कोंकणा और प्रतिभा ने बातचीत में बताया कि उन्हें इस फिल्म में क्या अलग लगा?

## इस वजह से कोंकणा ने साइन की फिल्म

कोंकणा और प्रतिभा ने बताया कि यह फिल्म एक महिला अपराधी की कहानी है, इसी बात ने उन्हें फिल्म की तरफ खींचा। फिल्म को अनुभूति कश्यप ने डायरेक्ट किया है। यह फिल्म इस महीने के आखिर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस प्रोजेक्ट के लिए हां कहने की वजह के बारे में कोंकणा ने कहा कि यह आइडिया अपने आप में उन्हें नया और अनोखा लगा। उन्होंने यह भी बताया कि कहानी को बनाने में रिसर्च ने बड़ी भूमिका निभाई। एक्ट्रेस ने कहा, 'जब मुझे इस फिल्म का ऑफर मिला, तो मैं बहुत उत्साहित थी। हमने कभी ऐसे केस के बारे में नहीं सुना, जहां आरोपी कोई महिला हो, क्योंकि अपराधी ज्यादातर पुरुष ही होते हैं'।

## प्रतिभा रांटा को मिले थे दो सीन मिल

कोंकणा सेन शर्मा ने बताया, 'जब उन्होंने रिसर्च की, तो राइटिंग और डायरेक्शन टीम को पता चला कि ऐसे मामले हैं। मुझे लगता है कि यूएस और यूके में बहुत सारे डॉक्यूमेंटेशन हैं। उन्होंने उस रिसर्च के आधार पर स्क्रिप्ट लिखी। मुझे यह मामला बहुत अजीब लगा'। वहीं, प्रतिभा रांटा ने कहा कि जब उन्होंने फिल्म के लिए ऑडिशन दिया तो उन्हें दो सीन मिले थे। एक्ट्रेस ने कहा, 'मैंने उन्हे पढ़ा और उन सीन में मुझे बहुत दिलचस्पी थी। मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं पढ़ा था। मैम ने मेरा ऑडिशन देखा। उन्हें यह पसंद आया'।



## कैसे तैयार हुई स्क्रिप्ट?

फिल्म की डायरेक्टर अनुभूति कश्यप ने बताया कि फिल्म की शुरुआत सिर्फ एक आइडिया से हुई थी और कोई स्क्रिप्ट नहीं लिखी थी। उन्होंने बताया कि कैसे टीम ने कई महीनों में धीरे-धीरे कहानी बनाई। अनुभूति के मुताबिक, 'मेरे पास फिल्म के लिए लिखी हुई स्क्रिप्ट नहीं थी। मुझे सिर्फ एक आइडिया दिया गया था। मैंने कभी ऐसी कहानी नहीं सुनी थी, जिसमें किसी महिला पर काम की जगह पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगा हो। मुझे यह आइडिया सच में पसंद आया। हमने वहीं से शुरुआत की। मैंने इस फिल्म के राइटर, यश और सीमा के साथ काम किया है। हमने छह से आठ महीने तक स्क्रिप्ट लिखी और इसे तैयार किया। बता दें कि 'अक्यूज्ड' 27 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



# एआई सिनेमा को आकार दे सकता है, लेकिन मानवीय भावनाओं को नहीं

चाहे विजुअल इफेक्टस हो, डबिंग हो या सीजीआई हो, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फिल्ममेकिंग की दुनिया को पूरी तरह बदल रहा है। विशेष रूप से अभिनेताओं पर इसके प्रभाव को लेकर चर्चाएँ तेज होती जा रही हैं। ऐसे में कुछ लोगों को लगता है कि एआई भविष्य में अभिनय के हर पहलू की नकल कर सकता है, लेकिन 'हीरामंडी' स्टार ताहा शाह बदुशा ऐसा नहीं मानते। उनके अनुसार, तकनीक सिनेमा को बेहतर बना सकती है, लेकिन वह उस भावनात्मक सच्चाई की जगह नहीं ले सकती, जो सिर्फ एक इंसान परदे पर ला सकता है। इस संदर्भ में ताहा कहते हैं, 'जब कोई भावनात्मक सीन होता है, फिर वो चाहे माँ के साथ हो, पत्नी के साथ हो या बच्चे के साथ हो, तो वह भावना हमें खुद महसूस करनी होती है। इस जुड़ाव या भावना को हम चाहकर भी मशीन से पैदा नहीं कर सकते।' गौरतलब है कि एआई ने तकनीकी रूप से काफी तरक्की कर ली है। आज की फिल्में पहले से कहीं ज्यादा शानदार और तकनीकी रूप से परफ़ेक्ट दिखती हैं। इस विषय में ताहा कहते हैं, 'कभी एडिट में हल्की सी जंप दिख जाती है, कभी लिप-सिंक थोड़ा सा अटपटा लगता है, या कोई इमोशनल बीट पूरी तरह असर नहीं छोड़ पाती।

मुझे यकीन है कि आने वाले समय में ये तकनीकी कमियाँ भी दूर हो जाएँगी, लेकिन अभिनेता और दर्शक के बीच का भावनात्मक रिश्ता कहीं ज्यादा गहरा होता है। दर्शकों का जुड़ाव परफ़ेक्शन से नहीं, बल्कि सच्चाई से होता है। लोग किसी इमेज से नहीं, एक इंसान से जुड़ते हैं। वे उसकी कमजोरियों से, उसकी ख़ामोशी से, उन ठहरावों से जुड़ते हैं, जो प्रोग्राम नहीं किए गए होते। उन्हीं ख़ामोशियों में असली क्रिएटिविटी बसती है।' ताहा यह भी मानते हैं कि एआई फिल्ममेकिंग के कई तकनीकी पहलुओं को संभालेगा। हाँ, जो लोग सीखने और बदलने से इनकार करेंगे, उन्हें मुश्किल हो सकती है, लेकिन जो अभिनेता और क्रिएटर्स एआई को समझकर उसे अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करेंगे, उनके लिए संभावनाएँ और बढ़ेंगी। इसके अलावा सीमित बजट वाले फिल्ममेकर्स के लिए भी एआई ने नए दरवाजे खोले हैं, जिससे वे अपनी सोच को ज्यादा आजादी के साथ साकार कर सकें। हालांकि वे यह भी मानते हैं कि तकनीक चाहे कितनी भी प्रगतिशील हो, लेकिन भावनात्मक गहराई की जगह नहीं ले सकती।



# द केरल स्टोरी 2 पर अनुराग कश्यप ने दिया रिएक्शन

फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' रिलीज होने से पहले काफी सुर्खियों में है। कुछ लोग फिल्म का सपोर्ट कर रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग फिल्म को प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। जब से 'द केरल स्टोरी 2' का ट्रेलर आया है, तब से इस पर विवाद हो रहा है। एक सीन में, एक कलाकार को कुछ लोग जबरदस्ती प्रतिबंधित मांस खिलाते हुए दिख रहे हैं। फिल्म के इस सीन पर फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने प्रतिक्रिया दी है।

## फिल्म को लेकर बोले अनुराग कश्यप

हाल ही में अनुराग कश्यप फिल्मफेयर अवार्ड्स साउथ में शामिल होने के लिए कोच्चि गए। उनसे पैपराजी ने पूछा कि क्या उन्होंने 'द केरला स्टोरी 2' का ट्रेलर देखा है। इस पर उन्होंने जवाब दिया, 'द केरल स्टोरी 2 बकवास मूवी है। यह बकवास प्रोपेगेंडा है। पूरी तरह बकवास। ऐसा कौन बीफ खिलाता है? ऐसा कोई खिचड़ी भी नहीं खिलाता है।' उन्होंने आगे कहा, ' वे (फिल्ममेकर) बस पैसा कमाना चाहते हैं और सबको खुश करना चाहते हैं। लोगों को बांटना चाहते हैं।'

# क्या द वार्डरोब में दिव्या अग्रवाल निभा रही हैं भूत का किरदार?

राज गवली प्रोडक्शन ने अपनी आगामी सुपरनैचुरल थ्रिलर द वार्डरोब का दिलचस्प फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी कर दिया है, और फैंस अब यह सवाल पूछ रहे हैं – क्या दिव्या अग्रवाल इस फिल्म में भूत का किरदार निभा रही हैं? सौरभ चौबे के निर्देशन में बनी इस हॉरर थ्रिलर में द वार्डरोब भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में एक रहस्यमयी महिला को पुराने, आधे खुले लकड़ी के वार्डरोब से बाहर निकलते हुए दिखाया गया है, जिस पर लताएं लिपटी हुई हैं। खून से सने सफेद गाउन में और धुएं व अंधेरे से घिरे माहौल के बीच दिव्या का डरावना अंदाज उनके किरदार को लेकर कई सवाल खड़े करता है। वार्डरोब के भीतर से आती लाल रोशनी फिल्म के सुपरनैचुरल टोन को और गहरा करती है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। हालांकि मेकर्स ने कहानी के अहम पहलुओं को अभी गोपनीय रखा है, लेकिन पोस्टर ने इस बात की अटकलों को हवा दे दी है कि दिव्या किसी बेचैन आत्मा की भूमिका में हो सकती है।



# ...इस बात से परेशानी होती है कि मेरी पहचान सिर्फ इमरान की गर्लफ्रेंड तक सीमित है

एक्टर इमरान खान को डेट कर रही लेखा वाशिंगटन हाल ही में फिल्म 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' के प्रीमियर में उनके साथ नजर आईं। इसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया गया और कुछ यूजर्स ने उनके इंटरफेथ रिलेशनशिप को 'लव जिहाद' तक कह दिया। अब लेखा ने इस पूरे विवाद पर खुलकर अपनी बात रखी है। इंटरव्यू में लेखा ने कहा कि उन्हें ट्रोलिंग से ज्यादा इस बात से परेशानी होती है कि लोगों की नजर में उनकी पहचान सिर्फ एक मशहूर एक्टर की गर्लफ्रेंड तक सीमित है। उन्होंने कहा कि उनका खुद का करियर रहा है, जिसे नजरअंदाज कर दिया जाता है।

प्रीमियर के बाद बढ़ती ट्रोलिंग पर लेखा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर बेबाक अंदाज में जवाब दिया था। उन्होंने कहा था, 'लव जिहाद...जाहिर है ये मुझ पर किया जा रहा है। मैं पार्ट बर्मी, इटालियन, पंजाबी हूं। साउथ इंडिया में पली-बढ़ी हूं, नॉर्थ इंडिया शिफ्ट हुई। मेरे पिता रोमन कैथोलिक हैं, लेकिन एग्नॉस्टिक सोच रखते हैं। जिस शख्स के साथ मेरा नाम जोड़ा जा रहा है, उनके पिता पार्ट हिंदू, पार्ट स्कॉटिश हैं और मां मुस्लिम हैं। और लोग कह रहे हैं 'लव जिहाद हो रहा है।' मैं कहती हूं – नहीं, मैं तो लाइट्स बनाती हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरी वीडियो को नफरत और बंटवारे को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किया जाना, उस हर चीज के खिलाफ है जिसके लिए मैं खड़ी हूं। ऐसी बेतुकी बातों से निपटने के लिए ह्यूमर सबसे अच्छा तरीका है। सच में, इस पूरी स्थिति को हल्का बनाकर ही जवाब देना चाहिए।'

## मैं बहुत लकी हूं

अपने रिश्ते पर हो रही टिप्पणियों के बारे में लेखा ने कहा कि उनका और उनके पार्टनर का परिवार, दोनों ही खुले विचारों वाले बैकग्राउंड से आते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं रोज देखती हूं कि अलग-अलग संस्कृतियों से जुड़े, क्रिएटिव और दयालु लोग कैसे एक-दूसरे का खूबसूरती से साथ देते हैं। मैं बहुत लकी हूं।'

## कब से रिलेशनशिप में हैं इमरान और लेखा?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान और लेखा 2020 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों एक ही सोशल सर्कल का हिस्सा थे। खबरों के अनुसार, उन्होंने मुंबई के बांद्रा इलाके में समुद्र किनारे एक अपार्टमेंट लीज पर लिया है, जो निर्देशक करण जौहर का बताया जा रहा है। इस घर का किराया करीब 9 लाख रुपये प्रति महीना है। इससे पहले इमरान बांद्रा के पाली हिल स्थित अपने बंगले में रहते थे।





# लड़ाई तब होती है जब दो लोग आपस में भिड़ते हैं, कंगना से झगड़े पर बोलीं तापसी

तापसी पन्नू और कंगना रनौत बॉलीवुड की दो ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने आउटसाइडर होने के बावजूद अपनी दम पर अपनी पहचान बनाई है। दोनों ही अपनी दमदार एक्टिंग के लिए भी सुर्खियां बटोरती हैं। लेकिन दोनों के बीच कैट फाइट भी काफी पुरानी है और अक्सर चर्चा में भी रहती है। हालांकि, तापसी पन्नू का कहना है कि उनकी तरफ से कोई झगड़ा या मनमुटाव नहीं है। यही नहीं वो कंगना को अपना सीनियर बताते हुए उनसे दोस्ती करने को भी तैयार हैं।

## मैंने कभी लड़ाई की ही नहीं

बातचीत के दौरान तापसी पन्नू ने कंगना के साथ अपने विवाद पर प्रतिक्रिया दी। कंगना की बहन द्वारा तापसी को कंगना की 'सस्ती कॉपी', 'बी ग्रेड एक्ट्रेस' और 'शी-मैन' कहने के बाद ये विवाद शुरू हुआ था। हालांकि, इस विवाद पर अब तापसी का कहना है कि उन्होंने कभी झगड़ा शुरू नहीं किया और आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि मुझे नहीं पता कि मैंने कभी लड़ाई की है या नहीं। लड़ाई तब होती है जब दो लोग आपस में भिड़ते हैं। मैं कभी नहीं भिड़ी।

## मुझे सस्ती कॉपी कहे जाने पर कोई दिक्कत नहीं

कंगना की सस्ती कॉपी वाली टिप्पणी पर तापसी ने कहा कि उनकी बहन ने मुझे 'सस्ती नकल' कहा। उनका कहना था कि चूंकि मैं यहां उतनी कमाई नहीं करती, इसलिए मैं सस्ती हूं। अगर वह (कंगना रनौत) इतनी प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, तो मुझे उनकी नकल कहे जाने से कोई आपत्ति नहीं है। आप मेरा कोई भी बयान निकाल सकते हैं, मैंने उनके खिलाफ कुछ नहीं कहा है।

## कंगना से दोस्ती को तैयार हैं तापसी पन्नू

बातचीत के दौरान जब यह कहा गया कि अगर तापसी और कंगना रनौत जैसी दो शानदार एक्ट्रेस एकसाथ आएंगी, तो वाकई कमाल हो जाएगा। इस पर तापसी ने कहा कि बिल्कुल ऐसा हो सकता है। शायद कोई है जो ये नहीं चाहता कि दो अच्छी एक्ट्रेस एक साथ काम करें। मुझे नहीं पता किसी ने उन्हें क्या बताया है। जबकि हम दोनों ही आउटसाइडर हैं, हम दोनों ही एक ही बात कहते हैं। इस दौरान कंगना से दोस्ती करने के सवाल पर तापसी पन्नू ने स्पष्ट कहा कि मैं तैयार हूं। वो (कंगना) मुझसे सीनियर हैं और मुझे उनके साथ काम करने या दोस्ती करने में कोई दिक्कत नहीं। हालांकि, तापसी ने कहा कि वह इस बात की गारंटी नहीं दे सकती कि कंगना उनसे क्या कहेंगी, लेकिन उनकी तरफ से उनका रुख स्पष्ट है।

## आपस में भिड़ते हैं आउटसाइडर

जब तापसी से पूछा गया कि क्या उनके झगड़े से नेपोटिज्म के विवाद के दौरान स्टार किड्स को अप्रत्यक्ष रूप से फायदा हुआ? तो तापसी ने कहा कि मुझे उनके बारे में तो नहीं पता, लेकिन किसी न किसी को तो किसी न किसी तरह से फायदा जरूर हुआ होगा। उन्होंने आगे कहा कि इंडस्ट्री में गुटबाजी सिर्फ इनसाइडर और आउटसाइडर तक ही सीमित नहीं है। आउटसाइडर भी अक्सर एक ही बात करते हैं और अपनी चुनौतियों के बारे में बात करने के बावजूद एक-दूसरे का साथ नहीं देते। लोग अक्सर आउटसाइडर होने का रोना रोते हैं, लेकिन एकजुट होने के बजाय आपस में ही लड़ते रहते हैं।



# दिनेश कार्तिक ने भारत की नई ओपनिंग जोड़ी का समर्थन किया

एजेंसी



**चेन्नई।** दिनेश कार्तिक ने ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ ज़बरदस्त बैटिंग प्रदर्शन के बाद भारत को अपनी नई ओपनिंग जोड़ी के साथ बने रहने का समर्थन किया है, जिससे टी20 वर्ल्ड कप 2026 में रविवार को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ लगभग नॉकआउट की स्थिति बन गई। भारत को अपने सभी टॉप छह बैट्समैन का योगदान मिला, जिससे उन्होंने गुरुवार को ज़िम्बाब्वे को हराने के लिए 4 विकेट पर 256 रन बनाए, जो इस एडिशन का सबसे बड़ा और टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।अभिषेक शर्मा (55) और संजू सैमसन (24) की नई ओपनिंग जोड़ी ने पावरप्ले में एक मज़बूत नींव रखी, जिसके बाद ईशान किशन (38) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने रफ़्तार बनाए रखी। हार्दिक पंड्या (50) और तिलक वर्मा (44) ने फिर आखिर में तेज़ी दिखाते हुए भारत को 250 के पार पहुंचाया। कार्तिक, जिन्होंने इस अटैक को देखा, का मानना है कि राइट-लेफ्ट ओपनिंग कॉम्बिनेशन ने बैलेंस और टैक्टिकल फ़ायदा बढ़ाया है। कार्तिक ने आईसीसी डिजिटल से कहा, इंडिया को वैसी ओपनिंग स्टार्ट नहीं मिल रही थी। इसलिए जब संजू और अभिषेक जैसे कोई साथ में ओपनिंग करते हैं, तो राइट-लेफ्ट कॉम्बिनेशन होने पर बहुत प्रेशर होता है। असल में उन्होंने ऑफ़-स्पिन बॉलिंग नहीं की क्योंकि शायद संजू वहाँ थे। वरना, सिकंदर रज़ा नई बॉल लेने के लिए जाने जाते हैं। यह बात कि उन्होंने ऐसा नहीं किया, यह बताता है कि वे चिंतित थे कि राइट-हैंडर वहाँ है, इसलिए मैचअप इंडिया के पक्ष में काम कर रहा है। अभिषेक के ज़बरदस्त प्रदर्शन के तुरंत बाद संजू ने लय पकड़ ली, और यह कुछ ऐसा है जिसे देखने की हमें आदत हो गई है। कभी-कभी हम यह मान लेते हैं कि वह जो कर रहे हैं, वह स्पेशल है और कंसिस्टेंट रहना मुश्किल है, जो वह थे। हाँ, वर्ल्ड कप की शुरुआत में थोड़ी गड़बड़ हुई, लेकिन जब वह अच्छा करते हैं, तो इंडिया हमेशा शानदार स्कोर तक पहुँचता है। सैमसन के लिए, यह टी20 वर्ल्ड कप में उनका सिर्फ़ दूसरा मैच था, और उन्होंने टॉप पर उनके अप्रोच के पीछे की सादगी दिखाई। सैमसन ने कहा, हम इसे बहुत सिंपल रखते हैं। वह मुझसे पूछते रहते हैं, पाजी, विकेट कैसा कर रहा है। मैं उनसे कहता हूँ कि कुछ नहीं और बस बॉल देखो और अपना बल्ला घुमाओ, और कुछ नहीं। मुझे उनके साथ बैटिंग करने में बहुत मज़ा आता है। हम दोनों एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कॉम्प्लिमेंट करते हैं, इसलिए बहुत खुश हूँ कि हम आज इंडिया को एक शानदार शुरुआत दे पाए।

# किदांबी श्रीकांत बाहर भारत का अभियान खत्म

एजेंसी



**मुल्हेम एन डेर रूहर।** जर्मन ओपन 2026 में भारत की चुनौती गुरुवार को निराशाजनक तरीके से खत्म हुई, जब किदांबी श्रीकांत पुरुष सिंगल्स के दूसरे राउंड में सीधे गेम में हार गए, और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पूर्व वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और मौजूदा वर्ल्ड नंबर 32 चीनी ताइपे के 11वीं रैंक वाले लिन चुन-यी से सिर्फ़ 32 मिनट में 21-14, 21-9 से हार गए। ताइवानी शटलर के खिलाफ़ इतने ही हेड-टू-हेड मुकाबलों में श्रीकांत की यह दूसरी हार थी। जनवरी में इंडिया ओपन 2026 का टाइटल जीतने वाले लिन ने इससे पहले स्विस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में श्रीकांत को तीन गेम में हराया था। श्रीकांत ने शानदार शुरुआत की, पहले गेम में 9-5 की बढ़त बना ली। हालांकि, लिन ने धीरे-धीरे वापसी की, कमी को दूर करते हुए 12-10 से आगे हो गए और फिर आराम से पहला गेम जीत लिया। इंटरवल के बाद ताइवानी शटलर का मोमेंटम मज़बूत रहा, उन्होंने दूसरे गेम में 7-1 की बढ़त बना ली और पूरे गेम में कंट्रोल बनाए रखा, जिससे श्रीकांत वापसी नहीं कर पाए। इंडियन खिलाड़ी ने इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने के बाद इस टूर्नामेंट में एंट्री की थी और इस महीने की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भी देश को

# टीम इंडिया के जबरदस्त प्रदर्शन से सूर्यकुमार खुश

एजेंसी

**चेन्नई।** बल्ले से थोड़ी देर के लिए कुछ खास करने के बाद, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पूरी टीम से बहुत खुश थे, जिन्होंने सबसे जरूरी मौके पर अच्छा प्रदर्शन किया, क्योंकि पिछली चैंपियन टीम ने कल रात यहां जरूरी मैच में ज़िम्बाब्वे को 72 रन से हराकर टी20 वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया। बैट्समैन ने बाएं हाथ के अभिषेक शर्मा की जबरदस्त हाफ सेंचुरी से शो जीत लिया, जिन्होंने तीन बार डक के बाद अपनी बड़ी हिटिंग स्किल में वापसी का इशारा दिया, और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पांड्या ने ज़िम्बाब्वे के अटैक का जमकर मज़ा लिया, जिससे इंडिया ने चार विकेट पर 256 रन बनाए, जो इंडिया का अब तक का सबसे बड़ा टोटल और टी20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। बाद में, बॉलर्स ने भी बैट्समैन के अच्छे काम में अपनी भूमिका निभायी और ज़िम्बाब्वे को छह विकेट पर 184 रन पर रोक दिया, जिससे इंडिया ने 72 रन के बड़े अंतर से जीत हासिल की और सेमीफ़ाइनल की अपनी उम्मीदें ज़िंदा रखीं। भारत को अपने पहले सुपर आठ मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था।

भारत का अगला मैच वेस्ट इंडीज़ के खिलाफ़ मशहूर ईडन गार्डन में एक तरह से क्वार्टरफ़ाइनल नॉकआउट होगा, जिसमें जीतने वाला लास्ट फोर ग्रेड में पहुंच जाएगा।मैच के बाद प्रेजेंटेशन में बोलते हुए, सूर्यकुमार यादव ने कहा कि सभी बैट्समैन का योगदान देखकर खुशी हुई, उन्होंने सब कुछ पीछे छोड़ दिया (प्रोटियाज़ के खिलाफ हार)। हालांकि उन्होंने कहा कि टीम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकती थी, लेकिन स्काई ने कहा, जीत तो जीत होती है और कैरिबियन के खिलाफ नॉक आउट मुकाबले से पहले शिकंजा कसने की अहमियत के बारे में बात की। सूर्यकुमार यादव ने ज़िम्बाब्वे के बैट्समैन को भी पूरा क्रेडिट देते हुए कहा कि उन्होंने बहुत स्मार्ट बैटिंग की, जिसमें ओपनर ब्रायन बेनेट 97 (8×4, 6×6) रन पर नाबाद रहे और एक ऐसे टारगेट का पीछा करते हुए अकेले ही आगे बढ़े जो नामुमकिन साबित हुआ। स्काई ने कहा, हम सब कुछ पीछे छोड़ना चाहते थे, पिछला गेम, ग्रुप स्टेज। सभी बैट्समैन का योगदान था और यह देखकर खुशी हुई।हम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकते थे लेकिन जीत तो जीत होती है। हमें वेस्ट इंडीज मैच से पहले अपना शिकंजा कसने की जरूरत है।



# अपनी लय वापिस पाकर खुश हैं हार्दिक पंड्या

एजेंसी



**चेन्नई।** हार्दिक पंड्या ने कहा है कि टी20 वर्ल्ड कप के सुपर आठ स्टेज में ज़िम्बाब्वे पर भारत की 72 रन की जीत में मैच जिताने वाला ऑलराउंड प्रदर्शन करने के बाद वह अपनी लय वापस पाकर खुश हैं। 23 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाने और फिर तीन ओवर में 21 रन देकर अच्छा स्पैल करने वाले पंड्या को प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। पंड्या ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान कहा, काफी खुश हूं। यह 23-बॉल-50 जैसा लगता है, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे भी स्थिति को फिर से देखना पड़ा। मुझे लगा कि मैं बहुत ज़ोर से हिट करने की कोशिश कर रहा था। और बस गेम में, मुझे एहसास हुआ कि मैं बॉल को टाइम कर सकता हूं और छक्के भी मार सकता हूं। रिदम जारी रखने के लिए यह एक अच्छा गेम था क्योंकि मुझे लगता है कि कुछ गेम में मैं वह नहीं कर पाया जो मैं करना चाहता था। जब पूछा गया कि क्या टीम दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के बीच पहले हुए मैच पर नजर रख रही थी, तो पंड्या ने माना कि खिलाड़ियों को हालात के बारे में पता था लेकिन वे अपनी परफॉर्मेंस पर फोकस कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा, ज़ाहिर है।

# वॉल का शतक, ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने भारत को पांच विकेट से हराया

एजेंसी



**होबार्ट।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जॉर्जिया वॉल (नाबाद 101) और फीबी लिचफील्ड (88) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शुक्रवार को भारत को 83 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। भारत के 251 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को काश्वी गौतम ने पांचवें ओवर में एलिसा हीली (नौ) को बोल्ड कर पहला विकेट झटका। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जॉर्जिया वॉल ने फीबी लिचफील्ड के साथ दूसरे विकेट के लिये 119 रन जोड़कर अपनी टीम के लिये जीत की नींव रखी। 20वें ओवर में क्रांति गौड़ ने शतक की ओर बढ़ रही फीबी लिचफील्ड को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। फीबी लिचफील्ड ने 62 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 88 रन बनाये। 31वें ओवर में काश्वी गौतम ने शतक बना चुकी जॉर्जिया वॉल को श्री चरणी के हाथों कैच आउट करा दिया। जॉर्जिया वॉल ने 82 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 101 रनों की पारी खेली। बेथ मूनी (31) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। पांचवें विकेट के रूप में ऐनाबेल सदरलैंड (10) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने 36.1 ओवर में पांच विकेट पर 252 बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। भारत के लिए दीप्ति शर्मा और काश्वी गौतम ने दो-दो विकेट लिये। क्रांति गौड़ ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले प्रतिका रावल (52) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (54) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में नौ विकेट पर 251 रन का स्कोर बनाया था।

आज यहां टॉस जीतकर भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 78 रन जोड़े। 17वें ओवर में एश्ले गार्डनर ने स्मृति मंधाना (31) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसे बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमा रॉड्रिग्स (11) का 22वें ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड ने शिकार कर लिया। अगले ही ओवर में अच्छी बल्लेबाजी कर रही प्रतिका रावल रनआउट हो गई।

# अब देश में ही बनेंगे एमॉर्फस स्टील

## प्रोटेरियल आंध्र प्रदेश में लगा रही फैक्ट्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम तौर बिजली के ट्रांसफॉर्मरों में इस्तेमाल होने वाला एमॉर्फस स्टील अब देश में ही बनेगा, भारत अब तक इसका आयात करता रहा है। जापानी कंपनी प्रोटेरियल की भारतीय इकाई प्रोटेरियल इंडिया ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कंपनी मेटग्लास इंडिया के नाम से कारोबार करेगी। कंपनी ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में जनवरी में फैक्ट्री लगाने का काम शुरू किया है और इस साल अक्टूबर तक उत्पादन आरंभ होने की उम्मीद है। प्रोटेरियल के मुख्य कार्यकारी अधिकार सीन



एम. स्टैक ने बताया कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और बड़े बाजार को देखते हुए कंपनी ने भारत में अपना तीसरा संयंत्र लगाने का फैसला किया है। इससे पहले कंपनी के दो संयंत्र जापान के यासुगी और अमेरिका के साउथ कैरोलिना में हैं। भारतीय कंपनी में प्रोटेरियल की 74 प्रतिशत और तेलंगाना की कंपनी शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी जो पहले से जापानी कंपनी से एमॉर्फस स्टील की बड़ी खरीदार रही है। ट्रांसफॉमर के कोर मटेरियल के तौर पर पारंपरिक स्टील की जगह एमॉर्फस स्टील के इस्तेमाल से उसकी ऊर्जा दक्षता बेहतर होती है और वह ज्यादा मजबूत तथा टिकाऊ होता है। पारंपरिक धातुओं में उसके अणु क्रिस्टल संरचना में होते हैं जबकि एमॉर्फस धातुओं में अणु किसी तरल की तरह अनियमित होते हैं। इससे इसमें चुम्बकीय गुण बढ़ जाते हैं। श्री स्टैक ने बताया कि कंपनी पहले से ही भारत में एमॉर्फस स्टील का निर्यात कर रही है। अभी वह हर महीने 2,000 टन स्टील की भारत में आपूर्ति करती है। पहले चरण में 7.7-8.0 करोड़ डॉलर के निवेश के साथ सालाना 30,000 टन क्षमता का संयंत्र लगाया जा रहा है। यह देश में मौजूदा मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त है। भविष्य में निवेश बढ़ाकर 15-16 करोड़ डॉलर और क्षमता 60,000 टन करने की योजना है। प्रोटेरियल इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय सेठ ने बताया कि इस संयंत्र के लिए इस्पात की खरीद पूरी तरह भारतीय कंपनियों से की जायेगी। तकनीक तथा विशेषज्ञ जापानी होंगे और भारतीय पेशेवरों की टीम को भी जापान में प्रशिक्षित कर भविष्य के लिए विशेषज्ञ तैयार किये जायेंगे। श्री स्टैक ने बताया कि पहले चरण में कंपनी 200 लोगों को रोजगार देगी जबकि बाद में उनकी संख्या बढ़ाकर 500 की जायेगी।

# जीडीपी के आंकड़ों से पहले लुढ़के शेयर बाजार

एजेंसी

**मुंबई।** सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों से पहले शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गयी। बीएसई का सेंसेक्स 961.42 अंक (1.17 प्रतिशत) गिरकर 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 317.90 अंक यानी 1.25 प्रतिशत लुढ़ककर 25,178.65 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का लगभग चार सप्ताह का निचला स्तर है। बाजार में यह गिरावट जीडीपी के आंकड़े जारी होने से ठीक पहले दर्ज की गयी है। जीडीपी के सरकारी आंकड़े आज ही



जारी होने हैं। आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। रियलटी, ऑटो, एफएमसीजी, धातु, फार्मा, बैंकिंग, स्वास्थ्य और रसायन समूहों पर अधिक दबाव रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.06 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.10 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडिगो, मारुति सुजुकी, सनफार्मा, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर दो से ढाई प्रतिशत के बीच गिर गये। अडानी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और बीईएल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टीसीएस, टाइटन और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# वाहन खरीदने में बीती तिमाही में यूपी महाराष्ट्र, गुजरात के लोग रहे सबसे आगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वाहन खरीदने के मामले में चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के लोग सबसे आगे रहे। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान देश में कुल 12.76 लाख यात्री वाहन बिके। इसमें 12.4 प्रतिशत के साथ महाराष्ट्र पहले स्थान पर रहा जिसमें 1.58 लाख वाहन बिके। उत्तर प्रदेश 10.8 फीसदी के साथ दूसरे और गुजरात 8.2 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर रहा। यात्री वाहनों में कार, उपयोगी वाहन और वैन आते हैं। घरेलू बाजार में तिमाही के दौरान दुपहिया की कुल बिक्री 56.96 लाख इकाई रही। सबसे ज्यादा 8.62 लाख इकाई (15.1 प्रतिशत) की बिक्री उत्तर प्रदेश में हुई। महाराष्ट्र (11.3 प्रतिशत) दूसरे, तमिलनाडु (8.0 प्रतिशत) तीसरे और गुजरात (7.4 प्रतिशत) चौथे




स्थान पर रहा। खास बात यह है कि कुछ राज्य जो यात्री वाहनों की खरीद में काफी पीछे थे, दुपहिया की खरीद में काफी आगे दिख रहे हैं। वहीं, कुछ राज्यों की स्थिति इसके विपरीत है। मसलन, यात्री वाहनों की बिक्री में 2.1 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 15वें स्थान पर रहने वाला बिहार दुपहिया के मामले में छह फीसदी हिस्सेदारी के साथ पांचवें स्थान पर है। इसी प्रकार, यात्री वाहनों में 13वें स्थान (2.7 प्रतिशत) पर रहने वाला पश्चिम बंगाल दुपहिया में 4.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गया। इसके विपरीत, यात्री वाहनों में 6.6 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ छठा स्थान हासिल करने वाला हरियाणा दुपहिया में 3.1 फीसदी के साथ 11वें स्थान पर फिसल गया। तिपहिया की बिक्री में 25 हजार इकाई (11.7 प्रतिशत) के साथ गुजरात ने बाजी मारी। उत्तर प्रदेश 11.5 प्रतिशत और महाराष्ट्र 11.2 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। तिमाही के दौरान देश में कुल 2.15 लाख तिपहिया वाहन बिके। वाणिज्यिक वाहनों की कुल घरेलू बिक्री तिमाही में 2.90 लाख रही। इसमें 46 हजार इकाई यानी 15.9 प्रतिशत के साथ महाराष्ट्र पहले स्थान पर रहा। इसके बाद क्रमशः गुजरात (9.1 प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश (8.3 प्रतिशत) का स्थान रहा।

# गोयल से मिले अमेरिका के वाणिज्य मंत्री लुटनिक

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री होवर्ड लुटनीक ने यहां गुरुवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। गत 07 फरवरी को अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद तेजी से बदली परिस्थितियों के बीच उनके इस दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों पक्षों ने चर्चा को सकारात्मक बताया है हालांकि आधिकारिक रूप से इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गयी है। बैठक में भारत में अमेरिका के राजदूत सर्गेई गोर भी मौजूद थे। माना जा रहा है कि श्री गोयल और श्री लुटनिक के बीच आज की बैठक में अंतरिम समझौते और बदली परिस्थितियों के बीच उसके भविष्य पर ही मुख्य रूप से चर्चा हुई है। श्री गोयल ने इस मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अमेरिका के वाणिज्य मंत्री होवर्ड लुटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्गेई गोर के आतिथ्य का मौका मिला। दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी के विस्तार को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। श्री गोर ने दोपहर के खाने पर हुई इस बैठक को सकारात्मक बताते हुए लिखा कि दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग के अवसर हैं।

# नयी सीरीज पर जीडीपी के पहले आंकड़े जारी तीसरी तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि तीसरी तिमाही में जीडीपी 84.54 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी 78.41 लाख करोड़ रुपये रहा था। ये आंकड़े नये आधार वर्ष 2022-23 की सीरीज पर आधारित हैं।

नयी सीरीज पर आधारित जीडीपी का यह पहला आंकड़ा है। इसके अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही है। इस वृद्धि में विनिर्माण क्षेत्र का मुख्य योगदान है। आंकड़ों के अनुसार, तीसरी तिमाही में विनिर्माण की वृद्धि दर 13.3 प्रतिशत रही। इसके अलावा सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत दर्ज की गयी। वहीं कृषि क्षेत्र में 1.4 प्रतिशत की दो साल की



सबसे सुस्त वृद्धि देखी गयी। इस दौरान सरकारी उपभोग व्यय सालाना आधार पर 4.7 प्रतिशत और निजी उपभोग व्यय 8.7 प्रतिशत बढ़ा है। साथ ही सकल पूंजी निर्माण 7.8 प्रतिशत बढ़ गया। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने नयी सीरीज के आधार पर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है। पूरे वित्त वर्ष में जीडीपी के 322.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया गया है जो 2024-25 के 299.89 लाख करोड़ की तुलना में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पुरानी सीरीज पर जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में 2025-26 में जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने की बात कही गयी थी। नयी सीरीज के हिसाब से वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी 7.2 प्रतिशत और 2024-25 में 7.1 प्रतिशत बढ़ा था। वित्त वर्ष में विनिर्माण क्षेत्र में 11.5 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में नौ प्रतिशत की दर से वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर का अनुमान 2.4 प्रतिशत है। पूरे वित्त वर्ष में सरकारी उपभोग व्यय 6.6 प्रतिशत और निजी उपभोग व्यय 7.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वहीं, पूंजी निर्माण में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

## रुपया 90.91 प्रति डॉलर पर स्थिर

**मुंबइ।** अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया गुरुवार को लगभग स्थिर रहा और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.9150 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर चार पैसे चढ़कर 90.91 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज पांच पैसे की मजबूती के साथ 90.86 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। दिन में यह ऊपर 90.81 रुपये तक और नीचे 90.94 रुपये प्रति डॉलर तक गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में लिवाली और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट से रुपये को समर्थन मिला। दूसरी तरफ, दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में तेजी से भारतीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ युद्ध का ऐलान किया, हवाई हमले किए

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ बढ़ते टकराव के बीच पाकिस्तान ने उसके खिलाफ युद्ध घोषित करते हुए ऑपरेशन ग़ज़ब लिल-हक़ शुरू किया। सरकारी प्रसारक पीटीवी न्यूज़ ने बताया कि शुक्रवार तड़के पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं ने काबुल, कंधार और पक्तिया में महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तालिबान सरकार के साथ पूर्ण टकराव की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हमारा सब्र अब खत्म हो चुका है और चेतावनी दी कि अब दोनों पक्षों के बीच खुला युद्ध है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा



कि हमारे सशस्त्र बल अफगानिस्तान के किसी भी तरह के आक्रामक मंसूबे को कुचलने की पूरी क्षमता रखते हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने आज अफगानिस्तान पर जवाबी हमलों के बाद कहा कि पाकिस्तान शांति और अपनी क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने इन हमलों में 130 से अधिक तालिबान लड़ाकों के मारे जाने का दावा किया गया है। पाकिस्तान के अनुसार, ऑपरेशन ग़ज़ब लिल-हक़ के तहत हमले आज तड़के किए गए। यह कार्रवाई खैबर पख्तूनख्वा के चितराल, खैबर, मोहम्मद, कुर्रम और बाजौर सेक्टरों में गुरुवार शाम अफगान तालिबान की ओर से की गई बिना किसी उकसावे की गोलीबारी के जवाब में की गई। मीडिया रिपोर्टों में काबुल और कंधार में धमाकों और गोलीबारी की खबर दी गई। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डूरंड रेखा के साथ कल की गई जवाबी कार्रवाई में 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। करीब 2,500 किलोमीटर लंबी सीमा जिसे डूरंड रेखा कहा जाता है को अफगानिस्तान ने कभी मान्यता नहीं दी है। इस बीच, अफगानिस्तान डिफेंस नामक एक्स हैंडल ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें जलते हुए एफ-16 विमान का मलबा दिखाया गया है। अमेरिकी आपूर्ति वाले इस एक इंजन वाले लड़ाकू विमान पर छोटा पाकिस्तानी झंडा बना हुआ है।

एग्जॉस्ट के पास 85510 नंबर दिखाई दे रहा है। इस दृश्य की हालांकि स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। दोहा स्थित अल जजीरा समाचार चैनल ने बताया कि अफगानिस्तान ने सीमा के विस्तृत हिस्से में कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर हमला शुरू किया, जिनमें तोर्खम सीमा चौकी भी शामिल है, जो अफगानिस्तान में प्रवेश का एक प्रमुख मार्ग है।

## चीन ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान से युद्धविराम की अपील की

**बीजिंग।** चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हिंसक झड़पों को लेकर बहुत चिंतित है और उसने दोनों पक्षों से युद्धविराम के लिए बातचीत की है। गौरतलब है कि इन झड़पों में 133 अफगान तालिबान लड़ाके और पाकिस्तान के दो जवान मारे गये हैं। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा राजधानी काबुल सहित अफगानिस्तान के बड़े शहरों पर बमबारी के बाद चीन संघर्ष के बढ़ने पर बहुत चिंतित है। चीन ने दोनों पक्षों से शांत रहने और संयम बरतने की अपील करते हुए कहा है कि जितनी जल्दी हो सके युद्धविराम और खून-खराबा से बचा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष में लगातार मध्यस्थता की है और आगे भी तनाव कम करने में एक रचनात्मक भूमिका निभाना जारी रखने को वह तैयार है।

## संक्षिप्त सामाचार

### प्रतिनिधि सभा के चुनाव के मद्देनजर नेपाल से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा रहेगी बंद

**पिथौरागढ।** पड़ोसी देश नेपाल में प्रतिनिधि सभा के चुनाव के दृष्टिगत उससे लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा आगामी दो से पांच मार्च के बीच पूर्ण बंद रहेंगी। दोनों देशों के बीच पुलों पर भी आवाजाही बंद रहेंगी। अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि नेपाल में प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के चुनाव हैं। इस दौरान आगामी दो से पांच मार्च तक भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा एवं पुलों को अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि नेपाल के खलंगा (दार्चुला) के प्रमुख जिला अधिकारी की ओर से अवगत कराया गया है कि निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्धारित अवधि के दौरान सीमा पर आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसी क्रम में पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी की ओर से समस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि निर्धारित समयावधि के दौरान यात्रा न करें।

### कांग्रेस को जनहित के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं: शांभवी चौधरी

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर की लोक जनशक्ति पार्टी (रामबिलास) की सांसद शांभवी चौधरी ने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि विपक्ष का जो व्यवहार और आचरण है, वह देश के मर्यादाओं के खिलाफ है। सांसद शांभवी चौधरी आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एआई समिट के दौरान कांग्रेसियों द्वारा जिस तरह से हंगामा किया गया वह देशहित मे नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को देशहित एवं जनहित के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। ये दल सिर्फ अपना एजेंडा चला रहे हैं। सांसद ने केंद्र सरकार द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने के निणर्य का समर्थन किया और कहा की मतदान का अधिकार सिर्फ भारत के नागरिकों का है न कि घुसपैठियों का।

### तिरुवनंतपुरम में डेटा लीक का आरोप लगाया कांग्रेस ने, मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांगा

**तिरुवनंतपुरम।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केरल सरकार ने चुनावी उद्देश्य से एक करोड़ से अधिक नागरिकों का व्यक्तिगत डेटा अवैध रूप से एकत्र कर साझा किया है। उन्होंने ये आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के इस्तीफे की मांग की। श्री चेन्निथला ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि पहले सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के निजी विवरण लीक किए गए और अब राज्य की वुमेन्स सेफ्टी स्कीम में पंजीकृत लाखों महिलाओं का व्यक्तिगत डेटा भी साझा किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरी प्रक्रिया में मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की सीधी भूमिका रही। उन्होंने सीएमओ में तैनात विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) सीरम संबाशिव राव द्वारा जारी कथित पत्रों की प्रतियां जारी कीं। उन्होंने 7 फरवरी के एक पत्र का हवाला देते हुए कहा कि योजना के तहत पंजीकृत 35 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के व्यक्तिगत विवरण तक पहुंच बनाकर उन्हें जारी किया गया। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा सत्यापित डेटा जिसमें नाम, मोबाइल नंबर, आयु, लिंग, जिला, तालुक, वार्ड और स्थानीय निकाय से जुड़ी जानकारी शामिल है, लगभग 8 लाख राज्य कर्मचारियों, 72 लाख कल्याण पेंशनरों, 3 लाख लघु उद्यमियों और महिला सुरक्षा योजना की लाभार्थियों का निजी एजेंसियों को बिना किसी सुरक्षा प्रावधान के सौंपा गया।




# एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर सांसदों को करना चाहिए ट्रम्प से सवाल : क्लिंटन

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने सांसदों से अपील की है कि उन्हें यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संबंधों को लेकर उनसे सवाल करने चाहिये। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सुश्री क्लिंटन इस मामले को लेकर कांग्रेस (संसद) की समिति के समक्ष उपस्थित हुईं। उन्होंने कहा कि उन्हें एपस्टीन के अपराधों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस दौरान उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि उन्हें श्री ट्रंप से एपस्टीन के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछताछ करनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने संविधान की शपथ ली है। सुश्री क्लिंटन ने कांग्रेस समिति के समक्ष घंटों गवाही देने के बाद कहा, मैं सच



सामने आते देखना चाहती हूं। इस मामले में सुश्री क्लिंटन के पति एवं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन शुक्रवार को गवाही देंगे। हालांकि दोनों ने समिति की ओर से तलब किये जाने का विरोध किया है और इसे इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। बाद में ये दोनों फिर गवाही देने के लिए सहमत हो गए क्योंकि उनके खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की संभावित कार्रवाई की आशंका थी। श्री क्लिंटन और श्री ट्रंप ने एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर कुछ भी गलत करने से इनकार किया है। कांग्रेस की समिति के समक्ष गुरुवार को छह घंटे तक गवाही देने के बाद सुश्री क्लिंटन ने संवाददाताओं से कहा, वह निराश हैं कि गवाही सार्वजनिक नहीं की गयी। गवाही सार्वजनिक की गयी होती, तो मुझे यहां आकर आपके इस बारे में बात नहीं करनी पड़ती। इस दौरान उन्होंने समिति के अध्यक्ष जेम्स कॉमर की भी तारीफ़ की कि उन्होंने जांच के तरीके के बारे में कई ज़रूरी सवाल उठाए और उन विषयों के बारे में उनकी बात सुनी जिन पर उन्हें लगता है कि जांच की ज़रूरत है। उन्होंने कहा, मैंने उनकी तारीफ़ करती हूं। मैं सच सामने आते देखना चाहती हूं, इसलिए यह एक बहुत लंबे, बार-बार होने वाले बयान को खत्म करने का एक भरोसा दिलाने वाला तरीका था। सुश्री क्लिंटन ने कहा कि उन्होंने समिति के रिपब्लिकन सदस्यों की इस बात के लिए आलोचना की कि उन्होंने एपस्टीन या उनकी दोषी साथी, घिसलेन मैक्सवेल के बारे में किसी और से नहीं पूछताछ नहीं की।

# तमिलनाडु विस चुनाव दुनिया के लिए एक मिसाल बनेंगे-ज्ञानेश कुमार

एजेंसी

**चेन्नई।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव इस तरह से कराए जाएंगे जो दुनिया के लिए एक मिसाल बनेंगे।

श्री कुमार ने राज्य चुनाव अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने और मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों की राय जानने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और तमिलनाडु के चुनाव देश की चुनाव प्रणाली की मजबूती, पारदर्शिता और दक्षता को दिखाएंगे।उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में अभी 5.67 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 2.87 करोड़ महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कुल मतदाताओं में से लगभग एक करोड़ युवा मतदाता है जिनकी उम्र 22



से 29 साल के बीच थी, इसके अलावा लगभग 12.5 लाख पहली बार मतदाता बने हैं और ये 18 से 19 वर्ष के थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि महिलाओं और युवाओं की बड़ी भागीदारी राज्य में लोकतंत्र की जीवंतता को दिखाती है और जो मतदाता सूची में शामिल होना चाहते हैं या दूसरी जगहों पर चले जाने के कारण अपना नाम हटवाना चाहते हैं, वे अभी भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान को आसान, स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनिश्चित करने के लिए पूरे तमिलनाडु में 75,000 से ज़्यादा बूथ बनाए जाएंगे। चुनाव आयोग बुजुर्गों और विकलांग लोगों के लिए पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाएगा, जिसमें मतदान बूथों पर रैंप लगाना भी शामिल है। ये केन्द्र जनता के लिए सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस होंगे। उन्होंने कहा कि सभी बूथ कड़ी सुरक्षा में रहेंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों की तस्वीरें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में दिखाई जाएंगी ताकि मतदाता उम्मीदवारों को साफ तौर पर पहचान सकें और पारदर्शिता के लिए मतदान प्रतिशत डेटा हर दो घंटे में अपडेट किया जाएगा। श्री कुमार ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया में स्पष्टता एवं दक्षता सुनिश्चत करने के लिए पोस्टल बैलेट दो चरणों में गिने जाएंगे। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में शामिल राज्य सरकार के अधिकारियों की तारीफ की और कहा कि अद्यतन मतदाता सूची से निष्पक्ष भागीदारी पक्की होगी। श्री ज्ञानेश कुमार ने चुनावों को लोकतंत्र का त्योहार बताते हुए लोगों से बिना डरे वोट देने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में मदद करने की अपील की। उन्होंने भरोसा जताया कि तमिलनाडु का चुनाव प्रबंध अपने आयोजन , निष्पक्षता और शांतिपूर्वकता के लिए दुनिया भर में अलग दिखेगा। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में तैयारियों की समीक्षा करने के बाद चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ गुरुवार को यहां तमिलनाडु की चुनावी तैयारियों की विस्तृत एवं व्यापक समीक्षा की। आयोग ने समीक्षा के दौरान आम आदमी पार्टी(आप) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) , भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) , मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), कांग्रेस, नेशनल पीपुल्स पार्टी, ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कड़गम, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, नाम तमिलर काची और विदुथलाई चिरुथैगल काची जैसे मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तर की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बातचीत की और उनके सुझाव मांगे।

# एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में बदलाव पर स्पष्ट झलकता है मोदी का बनावटीपन : कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि एनसीईआरटी की पुस्तकों के पाठ्यक्रम में बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुस्सा बनावटी है और यदि उनका गुस्सा कृत्रिम नहीं है तो उन्हें पाठ्यक्रम बदलने से संबंधित पूरे मामले की जांच करवानी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को एक बयान में आरोप लगाया कि श्री मोदी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों के मुद्दे पर बनावटी आक्रोश जता रहे हैं। पाठ्यक्रम में बदलाव पर वह अपनी नाराजी का सिर्फ दिखावा कर रहे हैं।

उन्होंने श्री मोदी की नाराजगी को स्थिति संभालने का प्रयास बताया और



कहा स्पष्ट रूप से एक डैमेज कंट्रोल प्रयास के तहत यह संदेश दिया जा रहा है कि वे एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में न्यायपालिका से जुड़े आलोचनात्मक उल्लेखों से बेहद नाखुश हैं।पिछले एक दशक में उन्होंने ऐसे शिक्षाविदों और झोलाछाप अकादमिकों के एक नेटवर्क की अगुवाई की है, जिन्होंने अपने विचारधारात्मक वायरस से पाठ्यपुस्तकों को संक्रमित कर गंभीर नुकसान पहुंचाया है। यह कोई आकस्मिक चूक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित वैचारिक घुसपैठ अभियान का हिस्सा है कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला किया और कहा कि पाठ्यक्रम कैसा होना चाहिए इसकी भूमिका संघ मुख्यालय नागपुर में बनती है जिससे श्री मोदी स्वयं सम्बद्ध हैं। उन्होंने कहा श्री मोदी स्वयं नागपुर कॉम्युनल इकोसिस्टम फ़ॉर रिराइटिंग टेक्सबुक असली एनसीईआरटी-को दिशा देते और आकार देते रहे हैं। श्री रमेश ने कहा कि उच्चातम न्यायालय को उद्वेलित करने वाली पाठ्यपुस्तकों से स्वयं को अलग दिखाने की उनकी कोशिश महज़ ढोंग है। अब उच्चतम न्यायालय के लिए अगला तार्किक कदम यह होना चाहिए कि वह इस बात की विस्तृत जांच कराए कि पाठ्यपुस्तकों को किस प्रकार दोबारा लिखा गया और वे किस तरह ध्रुवीकरण तथा राजनीतिक हिसाब-किताब चुकाने के औजार में बदल गईं।

# जिनेवा में परमाणु मुद्दे पर अमेरिका और ईरान के बीत तीसरे दौर के बातचीत समाप्त

एजेंसी

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु हथियारों के मुद्दे पर तीसरे दौर की बातचीत यहां समाप्त हो गयी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों देश अगले हफ्ते वियना में तकनीकी स्तर की बातचीत कर सकते हैं। अमेरिका इस बात को लेकर सोच रहा है कि क्या नयी कूटनीति से ईरान के परमाणु हथियारों के इरादों पर रोक लग सकती है या आखिरकार सैन्य बलों का ही सहारा लेना पड़ सकता है।

बातचीत से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान पर फोर्डो, नतांज़ और इस्फ़ाहान में अपने परमाणु केंद्रों को खत्म करने और यूरेनियम के बचे हुए भंडार को देश से बाहर भेजने का दबाव डाला है।

सूत्रों के अनुसार ईरान के अपने परमाणु केंद्रों को खत्म करने, काफी यूरेनियम को अमेरिका को भेजने



और एक स्थायी समझौते के लिए अमेरिका की ओर से रखी गयी शर्तों मानने की उम्मीद कम है। ईरान का प्रस्ताव अमेरिका की मुख्य मांगों को पूरा नहीं करता है और ईरान अमेरिका से रियायतें लेने के लिए ऐसे आर्थिक फायदे पाने की कोशिश कर रहा है जिनका अमेरिका की मांगों से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी अधिकारियों ने पहले कहा था कि अगर दोनों पक्ष समझौता पर नहीं पहुंच पाते हैं तो अमेरिका ईरान पर हमला करेगा। यह कूटनीतिक कोशिश ऐसे समय में हो रही है जब इस इलाके में अमेरिका काफी संख्या में सैनिकों की तैनाती कर रहा है। अधिकारियों ने इसे 2003 में इराक पर हमले के बाद से हवाई और नौसैनिक हथियारों की सबसे बड़ी तैनाती बताया है। ईंधन भरने वाला विमानों और जमीनी हमला करने वाले ए-10 विमानों को इज़रायल और ग्रीक आइलैंड क्रीट में नागरिक हवाई अड्डे से दिखने वाली जगहों पर तैनात किया गया है, जो ताकत प्रदर्शन का प्रतीक है।

## माकपा नेता फिरदौस शमीम पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के श्रीनगर क्षेत्र में पुलिस ने एक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के विरुद्ध 12 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई है। पुलिस उपाधीक्षक दीपक दुबे ने बताया कि भंडरा गांव निवासी गीता देवी ने शिकायत में कहा है कि उसके पिता चुन्नू ने 14 जून 2019 को जमीन खरीदने के लिए उसे 12 लाख रुपये दिए थे। जमीन का सौदा न होने पर उसने उक्त धनराशि गांव में संचालित ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक बालेन्द्र कुशवाहा को अपने इलाहाबाद बैंक खाते में जमा करने के लिए सौंप दी। आरोप है कि दो माह बाद जांच करने पर गीता को पता चला कि राशि उसके खाते में जमा नहीं हुई। शिकायत के अनुसार बालेन्द्र ने 10 लाख रुपये अपने खाते में जमा कर लिए और दो लाख रुपये खर्च कर दिए। डीएसपी ने बताया कि रकम वापसी के लिए गीता द्वारा संपर्क करने पर आरोपी पहले आश्वासन देता रहा।

# राष्ट्रपति मुर्मु की प्रचंड उडान

## राफेल और सुखोई लड़ाकू विमानों में पहले ही उड़ चुकी हैं राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को सशस्त्र बलों का मनोबल बढाते हुए सुबह जैसलमेर वायु सेना स्टेशन से स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में ऐतिहासिक उड़ान भरकर इतिहास रचा। राष्ट्रपति की इस उडान ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण का भी संदेश दिया।

वह 2023 में लड़ाकू विमान सुखोई और 2025 में राफेल में भी उड़ान भर चुकी हैं। इस उड़ान से शुक्रवार का दिन भारतीय सैन्य इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। श्रीमती मुर्मु की यह उड़ान एक मिशन का हिस्सा थी और इसमें वह ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ कॉकपिट में सह पायलट की भूमिका में नजर आई। ऐसा करने वाली वह देश की पहली राष्ट्रपति हैं। इस मिशन में दो हेलिकॉप्टर शामिल



थे जिनमें से दूसरे हेलिकॉप्टर में स्वयं वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ग्रुप कैप्टन ए महेंद्र के साथ सवार थे। लगभग 25 मिनट के इस मिशन के दौरान हेलिकॉप्टरों ने गडिसर झील और जैसलमेर किले के ऊपर से उड़ान भरी तथा हेलिकॉप्टर ने एक टैंक को लक्ष्य बनाकर हमला किया। राष्ट्रपति ने हेलीकॉप्टर की कॉकपिट से सैनिकों को सलामी भी दी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपना अनुभव भी साझा करते हुए लिखा, प्रचंड हेलिकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक प्रबल प्रतीक है। इस समय मैं प्रसिद्ध जैसलमेर किले के ऊपर उड़ान भर रही हूँ। मुझे देश के वीर वायु सैनिकों पर अत्यंत गर्व है। आगंतुक पुस्तिका में राष्ट्रपति ने एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखकर भी अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने कहा, भारत के स्वदेशी रूप से विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरना मेरे लिए एक समृद्ध अनुभव रहा है। इस उड़ान ने मुझे राष्ट्र की रक्षा क्षमताओं पर नए सिरे से गर्व का अनुभव कराया है। मैं भारतीय वायु सेना और वायु सेना स्टेशन जैसलमेर की पूरी टीम को इस उड़ान के सफल आयोजन के लिए बधाई देती हूं। श्रीमती मुर्मु सुबह करीब सवा नौ बजे बजे जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पहुंची थी जहां एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह, वायु सेना की दक्षिणी पश्चिमी कमान के एयर आफिसर कमांडिंग- इन-चीफ एयर मार्शल तेजेन्द्र सिंह और जैसलमेर एयरफोर्स स्टेशन के कमांडर ग्रुप कैप्टन अमित दुबे सहित वरिष्ठ वायुसेना अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। वायुसेना के अधिकारियों ने उनके साथ हेलिकॉप्टर की तकनीकी विशेषताओं, उड़ान मार्ग, सुरक्षा प्रोटोकॉल और मिशन की रूपरेखा की जानकारी साझा की। राष्ट्रपति ने 10 बजकर 15 मिनट पर प्रचंड में उड़ान भरी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राम चन्द्र राठौर द्वारा ऑफसेट, स्पेक्ट्रा विजन मीडिया प्रा. लि. 89/211 राम गोपाल विद्यान्त रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर 541एन/91 आर, रिफा कालोनी कैम्पवेल रोड, लखनऊ से प्रकाशित
क्षेत्रीय कार्यालय : एस.आर. काम्पलेक्स कोठारी बन्धु चौराहा, राजाजीपुरम लखनऊ। समूह सम्पादक : आर.सी. राठौर, मो. 8840662911, प्रबन्धक सम्पादक : मोहित कुमार वर्मा,
ब्यूरो चीफ : हरि शंकर मिश्रा, अपराध संवाददाता : सन्तोष सिंह, छायाकार : सोनू खान, कानून सलाहकार : राज कुमार राठौर (न्यायिक क्षेत्र लखनऊ) ई-मेल : awazelucknow2009@gmail.com